mother seems to fill his mind. The cheerfulness bursts forth from his ebullient body and spreads around him. The effulgent eyes, parched up, hunger for maternal love and longing for the tender feelings of affection, He extends his feeble hand and grasps his mother's, firmly, for the warmth of love which affords moral strength, sustenance and hope, MA's soft Voice and more so her calm and benevolent eyes fill his heart with courage and love. Time slips by and they have to part, There is a lump in their throats. Their hearts are heavy. MA leaves him at last, His mind's eye visualises MA. He feels the perfume of her love sprayed around him. What a comfort to soothe his soul !

When meditation is as it should be, so does the abhyasi feel. with whole-hearted faith he gives himself up to Babuji, with no other thought except to depend entirely on MA. The devoted sadhak longs, .... longs to be close to his spiritual mother who is vivid to his mind's eye. He is not alone, but feels her presence everywhere and it satisfies his heart, He remembers her and finds her in everything and is in communon with her. This is the handiwork of Babuji. This is what is expected of a sadhak by Babuji, This is how the sadhak has to meditate; to co-operate with and to reciprocate Master. Everything that is attempted by him except this approach is superfluous and vain, Dependence on Babuji, Surrender. is inevitable,

Should we not therefore endeavour to do regular and sincere abhyas to satisfy Babuji and to deserve His blessing ? *

## A Panoramic View of the Science of Yoga

(By Dr. S.P. Srivastava,)

The science of yoga happens to be the most sublime eternal contribution of India to the cultural history of man. The story of its development as a systematic discipline is in itself an interesting piece of research. For the sake of convenience it could be sub-divided into seven periods:-

(1) Prehistoric era (2) the Vedic era (3) the rise of Buddhism–Jainism (4) the age of Hindu Revival (5) the Tantra - Vedanta period (6) the age of Bhakti or devotion (7) the modern period.

This division remains quite crude and defective, but could perhaps be utilised to present a preliminary outline. Practical considerations permit only a skeletal introduction of the first six periods followed by a comparatively more detailed discussion of the last one.

Transcending the boundaries of adequate evidence the advent of Yoga has become an exercise in imagination. However, the residual relics of civilisations which existed in India before the spread of the Aryan Vedic civilisation, present before us proof of the presence of the Shaiva and Jaina traditions of Yoga. If ascendance to sublime levels of superconsciousness through dhyana had even a tenuous relationship with medium temperate climate and other geographical circumstances like the easy availability of food and other allied facilities, it would seem partinent to expect the development of soiences similar to the Yoga in Egypt, Mexico and the northern portion of South America as well. Worship of the power of procreativity and the awe of the mystique of death are normally expected in a primitive human culture, but the present writer is yet to come across any clear-cut evidence of the development, beyond the Indian sub-continent, of any system or cult similar or parallel

to the evolution of Shiva-lings, the symbolic representation of all that is purest in the concepts of procreation, sustenance & destruction, or again the institution of super-ego of the Real Man purified through austere penance.

Both traditions; the shaivite as well as the Jainist consider Adinatha (Siva and Rsbhadeva) to be the originator and ideal of the science of yoga. Both have also been associated with Vrsabha and Kailash. The traditions of the worship of Devi (mother goddess) and the cult of Ganapati are also quite ancient. The fourth chapter of Gita has a mention of a Yogic tradition propagated through the medium of Vivasvan, (Sun), Manu and Iksvaku, a king of the Surya vamsa dynasty. Although the cult of Sun-worship is very ancient, its development bears a clearer imprint of Aryan tradition as compared to the Saiva and Jaina traditions, All the same, every one of these facts assumes great significance in any attempt to unravel the riddle of Aryan or non-aryan origin of yoga.

II

The Vedas are the oldest extant books of the world. Normally they are supposed to be the contribution of the Aryans. Mythological purans however, mention that Ravana, a non-aryan, was an unprecedented scholar of the vedas, while Vyasa Badarayana is credited with the authorship of the fourfold division of the vedas is no other than Krishna Dvaipayana, it means the present available recension of the vedas also owes its origin to the miscegenation of the Aryan and non-aryan too signifies respectability but in the present context we are taking it to denote a particular ethnic group. They were constituted by nomadic tribes of comparatively colder climatic zones earning their liveihood with some hard labour, fanning out from their original homes towards various directions, given to fire worshipping cults and rituals and owners of cattle wealth. This ethnic group is normally considered the originator of the Vedic civilisation in India, The city-dwelling inhabitants with whom they come in conflict in India, have been reviled in the Rgveda as Sisnadevah i.e., phallus-worshippers who for all we know, were Saivas or perhaps digambera (naked) Jainas The process of evolution of the

Vedas took long ages. The research on its fabric which is made up of the warp and woof of conflicts, compromises and cultural give and take between the Aryans and non-aryan groups, would indeed be a stupendous task but no less interesting. As opposed to the original Vedic triology, the Atharva Veda exhibits a fairly clearer imprint of non-aryan influence. The earlier part of the vedas concerns itself more with rites and rituals as compared to the latter which lays greater stress on the ultimate knowledge. In this latter part, we come across a more detailed discussion and exposition of the science of yoga. This Uttera or latter portion of the vedas appears to have developed latter under non-aryan influence. The aryan tradition has always maintained that eternal knowledge is revealed in the superconscious state while non-aryan schools like the saivites and others have tended to the consider it as included in the descended books of knowledge. The Jaina tradition considers it possible for a special person of mankind to ascend to the height of a tirthamkara throug rigourns penance which it equates with Godhead and designates as the 14th Gunasthena ascent. There has been eternal controversy as to the vedas in their original form being a revealed sruti. The Mimamsakas consider karmak nda (rituals-part) as the revealed part and the later jnana-kanda as manmade i.e., composed by special personalities. As opposed to this, the vedantins hold that the earlier part deals with the method necessary for preparing man for communion with God through rectification and cleansing. Through such discipline man attains the capacity of brahmi sthiti wherein his rtambhara prajna( intelligence which is the very abode of the eternal Real) being firmly established in the Ultimate Principle, enlightens to him the Eternal knowledge related to IT. This viewpoint about yoga supported by vedanta seems to present a harmonious synthesis of the agama of the saivas, the spirituality of the Jainas and the ritualistic karmakanda of the mimamsakas, Of course, chronologically, it came to light with full clarity much later' but in the vast Vyasa literature it is described as discovered and established by vedic Rajarsis (royal sages.) Research in the various conflicts, compromises and harmonisation among the

schools propounded by Brahmarsis like Vasistha on the one hand and Rajarsis like Visvamitra, Janaka and others on the other, might perhaps bring to light sufficient amount of interesting material with regard to the history of the development of Vedic Jnanakanda.

III

The beginning of what could be termed as a relatively proper & authentic account of the history of Indian civilisation, coincides with the rise of Buddhism and Jainism around the sixth centuary B, C, Mahavira, the last twentyfourth Tirthamkara of the Jainas and Gautama Buddha, the progenitor of Buddhism were contemporaries. The name of an ascetic Guru Kadara alama figures prominently among the various acharyas of contemporarily current schools of yoga, whom Prince Siddhartha met with the object of getting initiated and knowing the method of destroying misery, It is not known with any definiteness whether this person was a Jain Muni or Tamil Salva or the afarya of some other yogic system of Hathayoga which gave prominence to extremely rigourous penance, But he certainly came to recognise the futility of more penance based on fasting and the like Later on the eightfold path of samma Marga waich he discovered on the basis of his own experience, gave prominence among its tenets to the practice of balanced mental consciousness and ethical charactor Buddha opposed Vedic karmakanda, caste system and performance of yajnaa (sacrifices) tooth and nail, and stood away from the mysification and philosophic verbosity of the Upanisadds, His signally great contribution is his discovery of a path to spiritual uplift flowing from perfect knowledge and direct perception and experience as well as backed by renunciation-based ethical conduct, A negative attitude self-aealisation and the Ultimate Reality does of course underline and stress the importance of direct perception and experience. It could perhaps be justified as a possible corrective against the over doing or curvature involved in to sentimentalised interpretation of the yajnic-upanishadic school, The unflinching faith in the effort of Man is by far the strongest point of Buddhism, but the devaluation of the household-life as opposed to a

to the evolution of Shiva-lings, the symbolic representation of all that is purest in the concepts of procreation, sustenance & destruction, or again the institution of super-ego of the Real Man purified through austere penance.

Both traditions; the shaivite as well as the Jainist consider Adinatha (Siva and Rsbhadeva) to be the originator and ideal of the science of yoga. Both have also been associated with Vrsabha and Kailash. The traditions of the worship of Devi (mother goddess) and the cult of Ganapati are also quite ancient. The fourth chapter of Gita has a mention of a Yogic tradition propagated through the medium of Vivasvan, (Sun), Manu and Iksvaku, a king of the Surya vamsa dynasty. Although the cult of Sun worship is very ancient, its development bears a clearer imprint of Aryan tradition as compared to the Saiva and Jaina traditions, All the same, every one of these facts assumes great significance in any attempt to unravel the riddle of Aryan or non-aryan origin of yoga.

II

The Vedas are the oldest extant books of the world. Normally they are supposed to be the contribution of the Aryans. Mythological purans however, mention that Ravana, a non-aryan, was an unprecedented scholar of the vedas, while Vyasa Badarayana is credited with the authorship of the fourfold division of the vedas is no other than Krishna Dvaipayana, it means the present available recension of the vedas also owes its origin to the miscegenation of the Aryan and non-aryan too signifies respectability but in the present context we are taking it to denote a particular ethnic group. They were constituted by nomadic tribes of comparatively colder climatic zones earning their liveihood with some hard labour, fanning out from their original homes towards various directions, given to fire worshipping cults and rituals and owners of cattle wealth. This ethnic group is normally considered the originator of the Vedic civilisation in India, The city-dwelling inhabitants with whom they come in conflict in India, have been reviled in the Rgveda as Sisnadevah i.e., phallus-worshippers who for all we know, were Saivas or perhaps digambera (naked) Jainas The process of evolution of the

the 'yukta' of Gita, all these represent unmistakable pointers of the wideranging influence of Indian thinking. The period of almost a thousand years following Buddha is the golden age of the struggles and glory in the history of Indian culture. Patanjali was the Guru of Pusyamitra who killed the last Maurya king Brhadratha and after being the Mauryan army commander became the founder of the Sunga dynasty. It was Patanjali who collected the strands of the various yoga traditions prevalent in the time and put them together in a harmonious whole in the shape of his Astamga Yoga, which represents not only the renascent Hindu or Brahmana tradition, but has since been universally acknowledged as the classic Yogic tradition of the entire Indian civilisation. A comparative study of Patanjala Yoga Sutra with Siva-samhita, Hathayoga pradipika, Panca-ratryagama, Asta-vakra Gita, Abhidhamma Kosa, Visuddhi Magga, Kasaya Pahuda. Sutta, Prasama rati prakarana' and Mandukya Karika would prove extremely valuable weighing and deciding the topic of the genesis, mutual influence and a variety of relationships among the numerous systems of yoga prevalent during this period. Yoga-Vasisthe and Srimad bhagavad Gita along with the numerous other Gitas forming part of the Vyasa literature the products of this age only. The glorious flowering of culture which scaled pinnacles of achievement is unfolded in its various literary trends innumerable traits of fine art, schools of practical material developments, and multi faceted propunding of various schools of discussion and establishment of theoretical principles. the Saiva, Jaina, Buddhist Vaisnava all current traditions have here joined hands in their contribution towards the harmonised evolution of the science of an all-round and complets uplift of the human being and his race. The credit of systematising this science into a step by step curriculam and text comprising 1) socio-ethical, 2) physicobiological and sensorio-psychic development in order, culminating in the ultimate spiritual goal, goes to Maharsi Patanjali. In spite of the laudable and extensive exertions of Vyasa, Vacaspati, Bhoja Vijnanabhiksu and others in the shape of commentaris annotations and expositions on the Sutrass of Patanjali, the subjects of Yoga became trite and incomprehensible, on account of almost a total lack of

direct examination on a fully practical scientific experimental plane. shorn of all shastric mystification. In fact Patanjali appears to have been somebody more nearer to a shastric theorysetter of a collator on the expository plane, unlike Yajnavalkya or Buddha who were themselves personally endowed with a real spiritual experience and approach. The beyond - descriptivity of the Upanisads and the eloquent 'Silence' of Buddha are the fountainhead of the hundred thousand fold ramification of voice and speech. This Voice Real is beyond the grip of the psyche and Intellect. The plane of its establishment and comprehension in the system of Patanjali is unable to scale those heights of the orginal and the natural.

— V —

The establishment of a parallel Samgha for female Bhiksunis wedded to the identical principle of allround renunciation, by Buddha following the obstinate entreaties of his cousin and dear disciple Ananda, in course of time (first century BC) took the form of Mahasamghika Vaipulyavada (unorthodostory literature) and ultimately appeared (seventh century AD) in the degnerate form of Vajra – yana, The devalnation of married household life in comparison with Brahmacarya and Samnyasa (forced abandoning of sex) resulted in an impractical outlook towards sex which burst forth in the flowering of unnatural sex-indulgence and promiscuity, so much so that within three centuries of Buddhas departure Vaipulyavada proclaimed the justification or sexual intercourge outside Grihastha married life, as a means of fulfilling the special aim of achieving liberation. This cult developed and grew in the Buddhist Viharas of Orissa which were later on in close contact with Saiva and Sun-worship cults and finally Vaisnava schools also. In this age of Hindu Renaissance, when there was a continuous struggle among Mahayana, Vaisnava and Jaina schools of thought, great Emperors like Kaniska, Samudragupta, Harsavardhana and some others proffered more or less an equal recognition and patronage to all of them making it possible for the various effulgent and sublime schools of philosophy (saddarsanas) to develop. But side by side with all the decydent Buddha semgha went on

Vaisnavita tradition which had as its base a Brahmavadin Samnyasa supported by Upanisads but born out the Sunyavada of Nagarjuna, simultaneously harmonising it with the cream of all the then existent systems of spiritual discipline and practice The Saiva Darsana of Kashmir is another notable attempt at harmonising the advaita school with the Tantra system I for one would not be surprised too much if dedicated research some day succeeds in proving Mohammed's greet Islam also as a glorious and significant link of a wide and far-flung advaitic movement based on a uncompromising moral resurgence and awakening against the equally widespread Tantric promiscuity and indulgence. Generally Islam has viewed so for in the continuty of the Jewish – Christain lineage, but the Sufi tradition bears clear imprints of Buddhist and Hindu Yoga a firm denial of which comes out in the form of Qur'an - supported Sufism. The importance of the mutual opposition between the Irani and Iraqui (Arab) developments of Islam needs mention in this parlance It is reported that a certain letter is preserved among the manuscript collections of a library in Rajasthan wherein Hazrat Imam Husein is said to have given expression of his desire to Yezid before his murder took place, that he would like to go away to India.

(Contd in next issue)

# अध्यात्म पथ की कसौटी

(डॉ० सुधा गुप्ता, उदयपुर)

अध्यात्म पथ की कसौटी पर जब तक साधक खरा नहीं उतरता तब तक वह सच्चा साधक नहीं कहा जा सकता। स्वर्ण जब तक अंगारों पर नहीं तपता तब तक उसके खरे और खोटे की पहचान नहीं होती। कसौटी पर कसा हुआ सोना ही खरा होता है अध्यात्म पथ पर चलने वाले अभ्यासियों की कसौटी साँसारिक जीवन है, गार्हस्थ्य जिन्दगी है। गुरू ही उस कसौटी का निर्णायक होता है। गुरू समय समय पर साधक की परीक्षा लेता रहता है। जहाँ कहीं भी चूक हुई कि उनका डंडा हमेशा हमारे सिर पर रहता है और वे तुरन्त हमें सतर्क कर देते हैं। किन्तु फिर भी हम उसकी आज्ञा, उसके दिशाबोध को अनदेखा करके विचारों की कर्मों की कई धाराएँ (चैनल्स) बनाकर अपने व्यक्तित्व को कई रूपों में बाँट लेते हैं। ऐसी स्थिति में ही गुरू हमारी साधना की परख करता है कि कहीं हम अटक तो नहीं रहे। गुरू की सूक्ष्म दृष्टि बराबर हमारे प्रत्येक क्रियाकलापों पर रहती है। जब कभी हमारी भौतिक इच्छाओं, साँसारिक उपलब्धियों की पूर्ति हो जाती है, अथवा जो हम चाहते हैं वह पूरा हो जाता है तो हम समझते हैं गुरू ने हमारी पुकार सुन ली उनकी हमारे पर दयालु दृष्टि है। अभीष्ट लौकिक कार्यों में ही गुरू-कृपा का प्रकाश अनुभव करते है। इस प्रकार अपने मनोनुकूल साधों की आपूर्ति में ही हम गुरू का अनुग्रह मानने लगते हैं और दूने उत्साह से अन्यान्य कामनाओं और इच्छाओं के आकाँक्षी हो जाते हैं किन्तु यदि दैवयोग से अभीप्सित वस्तु की प्राप्ति नहीं हुई अथवा हमारी इच्छा के प्रतिकूल परिणाम निकला तब या तो हम अध्यात्म पथ से पराड़मुख हो जाते हैं अथवा अपना विश्वास खो बैठते हैं। इस प्रकार की मनः स्थिति का विश्लेषण करने पर विदित होता है कि साधक स्वयं को ईश्वर का अनुगत न मानकर नियामक मानता है अतः उससे अपनी इच्छा के अनुकूल ही आचरण करने की इच्छा करता है, इस प्रकार उसका सेवक-स्वामी भाव स्वामी-सेवक भाव में परिणत हो जाता है। सच्चे साधक की पहचान इन्हीं परिस्थितयों में होती है। ये ही अध्यात्म पथ की कसौटियाँ हैं। कबीर ने अध्यात्म पथ पर आने वाले सकाम, विषय लोलुप साधकों के लिए कहा है—

भक्ति बिगाड़ी कामिया, जिह्वा इन्द्री स्वाद
हीरा खोया हाथ तैं, जनम गंवाया वादि।

इसीलिए आध्यात्मिक पथ के साधक को सुख व दुःख दोनों स्थितियों में प्रसन्न रहते

हुए समान मनोगत भाव बनाए रखना चाहिए। तभी सन्त बनादास नेकहा है—

सुख होवै तो हरिकृपा दुःख कर्मन का भोग
बनादास यूँ काटिए मन मराख का रोग ।

अनुभव जन्य बात यह हैं कि साधक को अध्यात्म के माग पर अनुकूलताएँ नहीं मिलती । भक्त को अनेकानेक प्रतिकूल परिस्थितयों से गुजरना पड़ता है और ये ही प्रतिकूलताएँ, उसकी सहनशीलता को बढ़ाती हैं । रूग्णता, पारिवारिक संकट- अपमान, आर्थिक संघर्ष, लांछन, ये ही साधना के मार्ग में आने वाली रूकावटें हैं जिन्हें साधक गुरू कृपा से, बिना विचलित हुए, पार कर लेता है । ये ही बाधाएँ ईश्वर प्राप्ति का प्रमुख साधन भी बन जाती हैं । अध्यात्म पथ पर चलने वाले साधक को कठोर अनुशासन से गुजरना पड़ता है ताकि उसका मन व आचरण संतुलित रहे । हमारे यहाँ 'सहज मार्ग' में 'दस उसूल, इसी उद्देश्य से हैं ।

यदि महान् आध्यात्मिक पुरुषों की जीवनियों को देखें तो ज्ञात होगा कि सबने इस जगत् में आकर भयंकर कष्टों को धैर्य पूर्वक सहन किया है । उनके जीवन-दर्शन से साधकों को आत्मबल मिलता हैं । जिस पर ईश्वर की कृपा हुई उसकी परीक्षा का प्रारम्भ सांसारिक कष्टों के प्रहारों से शुरू हो गया । राजा हरिश्चन्द्र को डोम के हाथों अपने को बेचना पड़ा । ध्रुव विमाता द्वारा प्रताड़ित हो ग्लानि से जलते रहे । प्रहलाद की हत्या के लिए पिता ने क्या नहीं किया? अर्जुन को भी अभिमन्यु जैसे पुत्र का वियोग सहना पड़ा । मीरा को विष का पान करना पडा । यही नहीं रामकृष्ण परमहंस, विवेकानन्द, रमण महर्षि, पू० लालाजी साहब को भी भयंकर शारीरिक पीडा सहन करनी पड़ी ।.........और आज हमारे पू० बाबूजी महाराज भी करीब पाँच माह से शारीरिक कष्टों को सहन करते हुए भी अनवरत रूप में हम लोगों के प्रति सचेष्ट हैं । कोई साधारण मानव होता तो जितना कष्ट वे शारीरिक रुप में उटा रहे हैं, कबका हताश निरुत्साहित और असहाय हो जाता । पूज्य बाबूजी ने स्वयं की बीमारी से हम अभ्यासी भाई-बहनों को सहनशीलता का अनूठा और अलौकिक पाठ पढ़ाया है ।

अध्यात्म साधना में आने वाली सांसारिक विपत्तियाँ उसी तरह हैं जैसे किसी बालक के शरीर में फोड़ा हो जाने पर माता उसे शल्य चिकित्सक के पास ले जाती है और हृदय कठोर करके उसका आपरेशन कराती है । बच्चा दर्द से तड़पता है किन्तु दुःख की निवृत्ति से होने वाले आत्यन्तिक सुख को दृष्टि में रखते हुए वह बालक के तात्कालिक कष्ट पर ध्यान नहीं देती । भक्त-वत्सल भगवान भी यही रीति अपनाते हैं, इससे साधक को आरम्भ में तो कष्ट होता है किन्तु जन्म जन्मान्तर के संचित मल, विक्षेप, संस्कार नष्ट हो जाते हैं । तभी पूज्य बाबूजी ने कहा है "बीमारी आना ईश्वर की कृपा है । हमारे विचार कई चैनल्स बना लेते हैं, इन्हें मिटाने के लिए ईश्वर बीमारी देता है ताकि मन की सफाई हो जाए" । अतः बीमारी अन्तः शुद्धि का प्रकृति द्वारा प्रदत्त प्रकृत तरीका है । विषम परिस्थितियाँ ही साधना पथ पर अग्रसर करने का सर्वोत्तम साधन है । पूज्य लालाजी साहब ने भी सच्चे सन्त की पहचान

के लिए तीन चीजें बताई हैं १- स्थायी शारीरिक कष्ट २- आर्थिक संकट ३- निन्दक। इन विपरीत स्थितियों में साधक मन को कितना सन्तुलित रख पाता है यही साधना की मूल उपादेयता है। साधक जब तक स्त्री, पुत्र, बन्धु-बान्धव, जमीन-जायदाद, शत्रु-मित्र अच्छा-बुरा मान-अपमान आदि इन अगणित सम्बन्ध सूत्रों से बँधा है, चिपका है, तब तक वह ईश्वर-साक्षात्कार नहीं कर सकता। या तो सद्गुरु की महती अहैतुकी कृपा द्वारा स्वतः ये बन्धन क्षीण होते चले जाते हैं, लेकिन इसके लिए साधक को सद्गुरु द्वारा बताए मार्ग पर अभ्यास में सतत् लगे रहना होगा और वह भी आन्तरिक लगन के साथ। अथवा दूसरा उपाय इनसे छूटने का है तीव्र झटका या गहरा आघात। ये हैं, दुर्घटना, असह्य अपमान, आर्थिक संकट प्रिय व्यक्ति का चिर वियोग शारीरिक अक्षमता आदि। कबीर ने अत्यन्त मार्मिकता से कहा है—

सुख के माथे सिल परै नाम हृदय से जाय
बलिहारी वा दुःख की पल-पल नाम रटाय॥

अतएव अध्यात्म पथ पर चलने वाले साधकों में जिज्ञासा, निष्ठा, और विश्वास जितना तीव्र होगा उनकी परीक्षा उतनी ही कठोर होगी। यह ईश्वर कृपा का प्रत्यक्ष लक्षण है। दुःख जितना गहरा होगा उपलब्धि उतनी ही महान् होगी। साधक अन्तर्मुखी होकर सतत् ईश्वरीय पथ पर अग्रसर होता जायेगा। प्रियतम का संयोग तो सूली की सेज पर ही प्राप्त किया जा सकता है। मीरा का यही अनुभव था-'सूली ऊपर सेज पिया की केहि विधि मिलना होय।' ईश्वर प्राप्ति के लिए महत्तर त्याग और महानतम कष्ट सहने के लिए तैयार रहना अध्यात्म पथ के साधकों की कसौटी है। इसके लिए हर अभ्यासी को तत्पर रहना चाहिए तभी हम सफल और खरे अभ्यासी कहला सकते हैं। ●

---

❀ ऐसे रहो कि अगले क्षण मृत्यु होने वाली है।

❀ दार्शनिक मस्तिष्क की कन्दरा में उत्पन्न होते हैं। और योगी हृदय की कन्दरा में उत्पन्न होते हैं।

❀ सन्त इसलिये नहीं होते कि स्वयं आनन्द करें बल्कि इसलिए कि दूसरे आनन्द पावें।

❀ मैं स्पीकर नहीं साइलेन्सर हूँ।

*

(पूज्य बाबूजी महाराज)

# दिव्य व्यक्तित्व का अवसान

(श्री सांवरमल सुरेका 'युगल' तिनसुकिया—असम)

विश्व के कोटि अभ्यासी भाई बहिनों के हृदय दुलारे-प्यारे एवं आँखों के तारे, परम पूज्य श्री बाबूजी महाराज एक अनोखे, दिव्य एवं अलौकिक व्यक्तित्व के परिचायक थे, सहज मार्ग के परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति के लिये, दिव्य प्राणाहुति की अमृत धारा प्रवाहित करने वाले, जीवन भर वसुधा के अगणित लोगों की आध्यात्मिक जीवन धारा में अभ्युत्थान कराने के लिये सतत् संघर्ष करने वाले, अपने शरीर से दूसरों की निश्छल, निष्कपट, निःस्वार्थ सेवा, भलाई और विकास में लगे रहने वाले, अपने आन्तरिक अनुराग व सादगीमय स्वरूप से सबका हृदय जीतने वाले प्यारे बाबूजी महाराज अपने पार्थिव, पंचभौतिक शरीर से हमारी आंखों से ओझल हो सकते है, परन्तु उनकी दृढ़ आस्था, अटूट विश्वास और अनोखे प्यार से भरी हुई सौम्य मनोहारी छबि, सदैव विश्व के असंख्य अभ्यासी भाई बहिनों के हृदय-साकेत में समायी रहेगी, युग युगान्तर तक सहज मार्ग का दिव्य आलोक बिखेर कर सृष्टि को अध्यात्म-मय करती रहेगी। हम सबके प्यारे समर्थ सद्‌गुरु श्री बाबूजी महाराज, अपने अजर अमर, चिरन्तन, सर्वव्यापक परमात्म स्वरूप से सबके साथ हैं एवं सदा सर्वदा सबके साथ रहेंगे, हम सबमें रमण करते रहेगे, सृष्टि के कण कण में समाये रहेगे।

बहुत वर्षों पूर्व, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा लिखित निम्नलिखित पंक्तियाँ हमारे परम आराध्य बाबूजी के लिये पूरी तरह सत्य एवं सहज उतरती हैं:—

मरा नही वही कि जो, जिया न आपके लिये,<br>वही मनुष्य है कि जो, मनुष्य के लिये मरे।

हमारे प्यारे बाबूजी महाराज सबमें सत्य ज्ञान एवं अध्यात्म का आलोक जगाये हुये है, जन जन में आस्था, विश्वास और अनुराग की त्रिवेनी प्रवाहित कर रहे है, कोटि कोटि नर-नारियों में दिव्य जीवन के प्यासे हृदय साकेत में पावन प्राणाहुति सुधामृत बरसाते रहते हैं और बरसाते रहेंगे। सत्यता मय सहज मार्ग के अध्यात्म मय जीवन के हर पल में उनका अधिवास है।

यद्यपि काल के क्रूर थपेड़ों से उनका पार्थिव शरीर अग्नि को समर्पित हो चुका है,पर उनकी आत्मा उनकी दिव्य प्राणाहुति, सहज मार्ग पर उनकी दिव्य वाणी और अभिलेख सबको दिव्य संजीवनी प्रदान करते रहेंगे। हमारे प्यारे बाबूजी महाराज मृत्यु के बाद भी जीवित है, पूर्ण सक्रिय है, एवं पूर्ण गतिवान है। जो बातें हमारे प्यारे बाबूजी महाराज ने अपने जीवन काल में कही या लिखी है,

उसे आज और युग युगान्तर में आने वाली पीढ़ियाँ बड़े प्यार से पढ़ेंगी, दोहरायेंगी और अपनायेंगी इसमें कुछ भी सन्देह नही है और यही ध्रुव सत्य जग को उजागर करता है और करता रहेगा।

हम सब मिलकर आन्तरिक हृदय से परम पूज्य, परमात्म स्वरूप सबके प्यारे एवं सद्गुरू श्री बाबूजी महाराज से प्रार्थना करें कि वे हमें वैसा ही बनाते रहे, जैसा कि वे अपने जीवन काल में ही हमें बनाना चाहते थे। हम सबका भी यह कर्त्तव्य एवं दायित्व होता है कि हम सब प्यारे मालिक के बतलाये हुए मार्ग का अनुसरण कर उनकी इच्छानुसार अपने व्यक्तित्व को ढालने का प्रयास करे, जिससे हमारा मिथ्या अहम् विनष्ट हो जाये। हम हम न रहे, उनमें समा जायें उनकी मर्जी हमारी अर्जी हो जाये। हम तो बस के बस श्री बाबूजी महाराज के ही प्यारे दुलारे बने रहें। विश्व के कोटि कोटि अभ्यासी भाई बहिनों के परम आराध्य परमात्म स्वरुप श्री बाबूजी महाराज को शतशः प्रणाम, प्यार अनुराग और आदरमय हार्दिक श्रद्धान्जलि! ●

● अल्लामियाँ का नाम खुदा सबसे बढ़िया लगता है—खुद आ, यानि जो खुद आया।

● बाबूजी से सन्यासी के Role के विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा सन्यासी ट्रैफिक के पुलिसवालों की तरह हैं। वे वर्दी भी पहनते हैं, ताकि लोग उन्हें पहचान कर रास्ता पूछ सकें कि किधर जाना है।

● नए- नए लोगों को जल्दी- जल्दी प्रिसेप्टर बना देने से उनमें अहंकार बढ़ जाता है। एक प्रिसेप्टर से दूसरे ने पूछा, "तुम क्या पूजा नहीं करते ?" दूसरे बोले, नहीं, हम प्रिसेप्टर जो हैं। "हमारे लिए बोले" रामचन्द्र भी तो पूजा नहीं करते। एक ऐसे मामले से तो हमने पूजा भी शुरू कर दी क्योंकि उनका कहना था रामचन्द्र पूजा करेंगे तभी हम भी करेंगे। हमने सोचा चलो ऐसे ही सही। कुछ दिन बाद लालाजी बोले-किस बेबकूफ के कहने में तुम पड़ गए हो जो regular पूजा करने लगे। गुरू को पूजा नहीं करनी पड़ती। तब हमने छोड़ा।

✲ पूज्य बाबूजी महाराज ★

# अभ्यासी का अनुभव

(श्री प्रयागदास अग्रवाल, इलाहाबाद)

मुझे ठीक याद नहीं—सन् १९७१ का कोई दिन महालेखाकार का कार्यालय, इलाहाबाद के सूचना-पट में मैंने पढ़ा "श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर के संस्थापक अध्यक्ष श्री रामचन्द्र जी पधारे हैं और "सहज-मार्ग प्रणाली" पर उनका प्रवचन होगा।

मैं अत्यन्त प्रसन्न हुआ और निश्चित समय पर पू० मिश्रीलाल जी चतुर्वेदी अवकाश प्राप्त जज साहब के बँगले पर पहुँच गया। वहाँ पू० कस्तूरी बहन जी का प्रवचन सुना। वह प्रेममग्न थीं और उनका प्रवचन भी वैसा ही प्रेम से भरा हुआ था। परन्तु हृदय पर ईश्वर का ध्यान करने की उनकी बात मेरी बुद्धि से बाहर प्रतीत हुई क्योंकि हृदय पर ध्यान की बात मैंने कभी सुनी नहीं थी। परम पूज्य बाबू जी महाराज वहाँ उपस्थित थे—बिल्कुल साधारण वेष भूषा में। वे बिल्कुल साधारण व्यक्ति दिखलाई पड़ रहे थे। मुझे ऐसा मालूम पड़ा कि यह भी कोई महात्मा हो सकते हैं ? यहीं धोखा हुआ। और मैं उनसे बगैर कुछ पूछे, वापस चला आया—उतना ही निराश जितना मैं पहिले से था।

मैं बहुत समय से प्रयत्नशील था कि ईश्वर प्राप्ति का ऐसा कोई मार्ग मिल सके जो अचूक हो और जिसे मेरी तुच्छ बुद्धि ग्रहण कर सके। परिणाम स्वरूप महेश योगी जी के आश्रम ऋषीकेश में तीन दिन शिक्षा ग्रहण किया परन्तु इस प्रणाली को मेरी बुद्धि ने स्वीकार नही किया। एक प्रणाली प्रचलित है—युग निर्माण संस्था की। इसमें मुझे बहुत आडम्बर दिखलाई पड़ा। मुझे लगा कि सभी चमत्कारी बाबा-गण हैं। ये कुछ लोगों की कुछ भलाई, जैसे कोई बीमारी ठीक कर देना अथवा कुछ आर्थिक सहायता का साधन चाहे जो कर दें परन्तु वे ईश्वर प्राप्ति का कोई अचूक मार्ग प्रदर्शित नहीं करते। मैं बराबर निराश रहा।

अप्रैल सन् १९७४ सौभाग्य वश मुझे सम्प्रेक्षा निरीक्षण (Audit Inspection) का एक ऐसा दल (Party) मिल गया जिसमें शाहजहाँपुर शामिल था और भाई मुन्नीलाल जी मौर्य भी दल में शामिल थे। वे पूज्य बाबूजी महाराज और "सहज मार्ग" प्रणाली की प्रशंसा करते ही रहते थे। मैंने उनसे कहा शाहजहाँपुर चल रहें हैं। पहिले पूज्य बाबूजी महाराज से बात करेंगे अथवा सम्भव

होगा तो उनकी परीक्षा लेंगे, तभी मैं इस मार्ग पर चलना प्रारम्भ करूँगा।

मई १२ सन् १९७४ सायंकाल लगभग ७ बजे मैं पूज्य बाबूजी महाराज के निवास स्थान पर पहुंचा। वे प्राँगण में एक कुर्सी पर बैठे हुए थे। उनके चरण स्पर्श कर मैं भी एक कुर्सी पर बैठ गया। एक मिनट में ही मुझे ऐसा लगा कि संसार में यहाँ से अधिक न तो और कोई शान्ति मय स्थान है और न ही ईश्वर प्राप्ति की और कोई अचूक प्रणाली। महान-आश्चर्य कि परीक्षा लेने की बात तो दूर रही उनसे कुछ पूछने तक का साहस नहीं था उस समय। सिटिंग (Sitting) लेने की मेरी इच्छा प्रबल हो उठी, परन्तु उनसे अपनी इच्छा प्रगट करने का भी साहस नहीं हो रहा था। धीरे धीरे मुझे लगा जैसे मेरे मस्तिष्क में गैस भरती जा रही है, क्योंकि उनसे सिटिंग लेने की प्रबल इच्छा, परन्तु कहने में असमर्थता यह दोनों अपना कार्य तेजी से कर रहे थे। आखिर में गैस का बिस्फोट हुआ और मेरे मुँह से अनायास निकल पड़ा। "बाबूजी"। पूछा "क्या ?" तब मुझे साहस मिला अपनी बात कहने का।

परम पूज्य बाबूजी उसी समय मुझे ले गए अपनी बैठक में। मैं अपने को बहुत भाग्यवान अनुभव कर रहा था क्योंकि उस समय केवल मैं ही था जिसको उनसे सिटिंग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

मैंने पूछा—पूजा कैसे करना है।
उन्होंने कहा-हृदय पर ध्यान करो।
मैंने कहा—मन तो ऊपर भागता है हृदय पर ध्यान कैसे हो सकेगा।
उन्होंने कहा-हृदय पर ध्यान लगेगा और पूजा प्रारम्भ।

मेरा अनुभव:— ऐसा लगा जैसे मन आकाश की ओर भागा जा रहा हैं। मुश्किल से दो मिनट हुए होंगे कि एक तेज लहर आई और उसने मेरे मन को मेरे हृदय की ओर मोड़ दिया। दूसरे ही क्षरण आनन्द का अनुभव होने लगा। अद्भुत आनन्द। ऐसे आनन्द का तो पहिले कभी अनुभव मुझे हुआ ही नहीं था। इसके लगभग १ या २ मिनट बाद ही सुना "बस कीजिए"।
प्रश्न:-आनन्द आया ?

मैंने कहा:-बाबूजी बहुत आनन्द आया। मैंने फिर पूछा अब कब आना है। उन्होंने कहा:- जब चाहो आ सकते हो, वैसे तुम्हारा काम हो गया।

उस समय मैं बहुत ही सन्तुष्ट था। इसके अतिरिक्त कुछ भी पूछने का साहस नहीं था, आखिर पापी जीव ब्रह्म के सम्मुख क्या साहस कर सकता है ? उन्हीं की असीम कृपा के कारण आज मैं बहुत ही आनन्द और शान्ति का अनुभव करता हूँ। ●

****
****

# प्रार्थना

(श्री अशोक नारायण, अहमदाबाद)

प्रार्थना की स्थिति के बारे में बाबूजी महाराज ने बहुत सुन्दर कहा है । यह बात जितनी और जिस ढंग से मुझे समझ में आई है वह इस प्रकार हैं ।

प्रार्थना कभी इच्छा पूर्ति के लिए नहीं करनी चाहिए । इच्छापूर्ति की आशा रखना मोह है । इच्छाएँ सर्वथा बाधक हैं जो नियत [ordained] है उसी के लिए प्रार्थना करनी चाहिए ।

प्रश्न हो सकता है कि जो नियत है वह तो होना ही है, उसके लिए प्रार्थना की क्या आवश्यकता ? बात सही हैं । जो नियत है वह होना ही है और हो भी रहा है । उसके लिए प्रार्थना की आवश्यकता नहीं है । जो नियत नहीं है वह होना ही नही है, वह है ही नही, चाहे कोई प्रार्थना करे या न करे। इच्छा पूर्ति के लिए प्रार्थना करना व्यर्थ है (क्योंकि इच्छाओं की पूर्ति नियत नहीं हैं) और जो नियत है उसके लिए प्रार्थना करना अनावश्यक, फिर प्रार्थना क्यों ?

बाबूजी महाराज कहते हैं कि जो नियत है वह तो होना ही है पर प्रार्थना करना हमारा आचार (etiquette) है । उर्दू का का शब्द अदब और भी अच्छा है । आचार या अदब स्वाभाविक है । इसमें क्यों का प्रश्न ही नहीं उठता । कोई हमारे घर भोजन करने आता है तो हम थाली परोस कर प्रार्थना करते हैं 'भोजन कीजिए' । जो भोजन करने आया है वह भोजन तो करेगा ही । थाली परोसी सामने रखी ही है । फिर प्रार्थना क्यों ? यह आचार है ।

बाबूजी महाराज ने एक बात और कही है । प्रार्थना करते समय अपने को एक अकिंचन भिखारी समझ लेना चाहिए । वास्तव में अंकिचन तो हम हैं ही । हमारा है क्या ? धन दौलत तो कभी भी छिन सकती है । नौकरी भी छूट सकती है । संसार में ऐसा कौन सा सगा संबंधी है जो बिछुड़ नहीं सकता फिर मेरा क्या है ? मन उन्मत्त हो सकता है, बुद्धि बिगड़ सकती है, अहंकार अपने को भी भुला सकता है और शरीर भी छूटना है । कौन सी उपाधि ऐसी है जो मेरी अपनी है ? शरीर छूटने के बाद जो मेरा शेष बचता है वह तो संस्कारों का इन्द्रजाल है जो आसक्ति के धागे से बुना हुआ है ।

यदि आसक्ति न रहे तो मेरा क्या शेष रहेगा ? मान लीजिए गुरूकृपा से जो आपके साथ है और जो आपका सा लगता है वह सब छिन गया हैं और आप रंक भिखारी हो गए हैं । अब प्रार्थना कीजिए । यह आपकी सूक्ष्मतम स्थिति है । यही वास्तविकता है जिसके लिए बाबूजी महाराज कहते हैं कि न इसे प्रकाश कह सकते हैं न अंधकार ।

इसके आगे तो करके देखने की बात है, कहने सुनने की नहीं। ●

# शब्द चित्र

(श्री प्रेमबहादुर गुप्त, शाहजहाँपुर)

सृष्टि के आद्यान्त द्रष्टा एवं कर्ता परम सद्गुरू श्री रामचन्द्र जी महाराज को मन के वातायान से देखने का अवसर जिन्हें मिला है, वे धन्य हैं। जो श्रद्धा लेकर गये हैं, कृपा लेकर वापस लौटे हैं। यूँ तो हम उन्हें जहां याद करें उनकी उपस्थिति का आभास सदैव मिलेगा। जो भी व्यक्ति एक बार श्रद्धा से दर्शन करने जाता था बाबूजी के व्यक्तित्व का आकर्षण बरबस आकर्षित करता था और करता रहेगा।

विनम्रता से बोझिल स्नेहिल आँखे उन्नत ललाट, हिम समश्वेत दाढ़ी मूँछें, प्रतिक्षण सजग सभी के दुखों से द्रवित, स्वयं पर कष्ट का बोझ ढोने को आतुर, हमारे संस्कारों को स्वयं वहन करने वाले संस्कार विहीन बाबूजी एक विचारहीन अथवा जीवितमृत व्यक्तित्व Thought Less or Living Dead Personality थे, भौतिक रूप में हमारे संस्कारों को लेकर हमारे साथ चल रहे थे।

शुभ्र परिधान में छड़ी लेकर थोड़ी झुकी कमर से तेजी से टहलते हुए जिसने देखा है, चाल पर अवश्य मुस्कुराया होगा। बाबूजी का सस्मित सतेज मुख मंडल हमारे मोद का अभिप्राय था। गहन विचार शीलता में जिन्होंने बाबूजी की गंभीर मुद्रा का अवलोकन किया है वे उनका वर्णन नहीं कर सकते। अल्प भाषी जिनके एक एक वाक्य का आशय पुस्तक का रूप लेगा, सहज मार्ग की अमूल्य निधि साबित होंगी।

बरामदे में कुर्सी पर आराम से बैठे बैठे बिना छड़ी का सहारा लिए तेजी से कमरे के के अन्दर जाते हुए क्या आपने देखा है? पुनः आकर हुक्के की मूठ पकड़कर गुड़—गुड़ की आवाज मुख से धूम्र बिखेरते इधर उधर दृष्टि फेरने का दृश्य जिन्हें देखने का सौभाग्य मिला है क्या वे जानते हैं इस बीच बाबूजी ने कौन सा कार्य सम्पन्न किया? लोग सही कहते थे बाबूजी महाराज को समझना बहुत मुश्किल है। जो नया व्यक्ति पहले आश्रम की भव्यता को देखने जाता है कल्पना करता है कि संस्थापक भी बहुत लहीम-शहीम होगा, लेकिन जब निवास पर बाबूजी की सादगी देखता था, तो भ्रम में पड़ जाता था और मालिक को चमत्कार विहीन समझ वापस लौट जाता था। पर असल में यह उनकी वाह्य आँखो की भूल होती थी। जिसे बाबूजी चाहते थे वही बाबूजी के चरणों में रहता था, रहेगा। जिस दिन से बाबूजी को

समझना आसान हो जाता है नजदीकियाँ अपने आप बढ़ने लगती है भव्यता का अहसास दिन प्रति दिन होता जायेगा। आज कल ईश्वर साक्षात्कार में लोग चमत्कार ढूँढते हैं, काबलियत ढूढ़ते हैं जब कि बाबूजी सिद्धि एवं ज्ञान से भी परे हैं। इसी पर बाबूजी महाराज ने एक बार कहा था अभ्यास चमत्कार करता नही। बल्कि हो जाता है ।

गुरू ईश्वर से बड़े हैं क्यों कि ईश्वर में मन नहीं होता। बाबूजी में ईश्वर और मन दोनो था लेकिन विचारो का उतार चढ़ाव नहीं था। विचारों का उतार चढ़ाव तब आता था जब हम अपने संस्कार बाबूजी को दे देते थे। उतार चढ़ाव हुआ, बाबूजी फिर बिल्कुल विमल, शुभ्र हो जाते थे।

जिन्हें बाबूजी के हाथ पैर दबाने का सौभाग्य मिला है, वे जानते है कि बाबूजी महाराज के चरण कमल एवं दोनों बाहु सदैव शीतल रहते थे। चरण स्पर्श से वही शीतलता मन के कलष को धो देतीं थी इसीलिये निम्न पंक्ति सार्थक है।

धन्य भूमि बन पन्थ पहारा
जँह-जँह नाथ पाँव तुम धारा

कभी कभी बाबू जी लोगों से पूछते थे कि "भाई मैं आप का नाम भूल जाता हूं"। या "आजकल मैं बहुत आलसी हो गया हूं।" मतलब कभी कभी हम बाबूजी को भूल जाते हैं। यह भूलना सतत स्मरण में कमी का द्यौतक हैं।

यदि कोई अभ्यासी आलसी है तो बाबू जी उन्हें न कहकर अपने को ही आलसी कह देते थे। सतर्कता और सक्रियता बाबूजी अधिक पसन्द करते। दफ्तर में यदि चपरासी ने लेजर नही दिया तो हम बैठे रहते हैं। जितनी देर बैठे रहते हैं उतनी देर में हम उठा सकते थे। इसीलिए कभी कभी वृद्धावस्था में भी बाबूजी खुद काम करना शुरू कर देते थे। जैसे कह रहे हों अभी होसला बुलन्द है। जवान है।

कुछ लोगों का कहना है बाबूजीफलाँ पर बहुत गुस्सा हुए, वास्तव में बाबूजी महाराज में क्रोध था हो नहीं। जिस बात को हम गुस्सा समझते हैं उन्हें हम झिड़कियाँ कह सकते हैं बाबूजी की झिड़कियाँ ऐसी होती थी। जिनमें अहित नहीं होता बल्कि सुधारात्मक होती थी। कुछ झिड़कियों का नमूना प्रस्तुत हैं।

एक अभ्यासी:- "बाबूजी महाराज जब मैं ध्यान (Meditation) करता हूँ तो पीठ दिल में दर्द होता है"

बाबूजी:- "ज्यादा खा लोगे तो हाजमा खराब हो जायेगा" हमारे साथ जब उक्त सज्जन गेट से बाहर निकले तो बोले "बिना सफाई के खाली ध्यान करने से व्यक्तित्व संहति गड़बड़ हो जाती हैं।

एक अभ्यासी:- "बाबूजो ये फल, फूल, जल, अक्षत क्या श्रद्धा के प्रतीक है"

बाबूजी:। "ये बेवकूफी की निशानी है"
एक बार मैंने पूछा "आप ट्राँसमिशन कैसे करते हैं"

बाबूजी:- "तुमसे क्या मतलब" पुनः बोले "Patting the mind" बोले अब तुम

यह भी पूछोगे Patting the mind क्या होता है।

इससे पूर्व मेरे अन्दर Cross Questions ज्यादा उठते थे बाबूजी का यह कहना कि अब तुम यह भी पूछोगे Patting the mind क्या होता, Cross Quetions उठने बन्द हो गये। अब सिर्फ यही ख्याल है कि हम मालिक के बन्दे हैं, बन्दे के सिवा कुछ नहीं। अपना फर्ज पूरा कर रहे हैं उनका फर्ज। वो जाने। किसी ने ठीक ही कहा है: ईश्वर से वह मत माँगों जो तुम चाहते हो ईश्वर जो तुम्हें देना चाहता है वह लो। ●

# नया मोड़

(श्री शिवप्रसाद श्रीवास्तव, एडवोकेट, बहराइच)

१– आज बाबू का जनम दिन हैं, नए मोड़ के साथ,
मनाएं जश्न सभी दिल दिमाग वो होश के साथ।
२– इन्हीं ने तो हमें मंजिल की राह दिखलायी,
इन्हीं के फैज से रूहानियत में जान आयी॥
३– हर एक रूह को बाबू ने खुद जगाया था,
करम उन्हीं का है हम सब को खुद बुलाया था॥
४– किया था अहदे मुकम्मल तो करके ही माने,
चले थे कितनी नजाकत से कोई क्या जाने?
५– खुलूसे दिल की तमन्ना थी और मोहब्बत की,
सभी को लक्ष्य मिले, जिन्दगी में. चाहत थी॥
६– हम आज इनके जनम दिन पे बैठ कर सोचें,
झुका के सिर जरा अन्दर ही अपने खुद देखें!
७– करें वो काम जिसे देख कर वो खुश होते,
बजा उसी को कहैं जिसको चाहते वो थे॥
८– हमें यकीं है कि बाबू सुनेगे हम सबकी,
ठहर न पाएंगे जब वह सुनेगें दिल—दिल की।
९– हम आज बाबू से इक बार फिर करें मिन्नत,
अता करें हमें अपने वो फैज की दौलत॥

# मालिक मेरे पास कैसे आया

(श्री राघवेन्द्रराव, रायचूर)

मालिक मेरे पास बड़ा चुपचाप चला आया। जब वह मेरे पास आया तब मैं अपने मालिक के रूप में पहचान नहीं सका। मैंने चलते-चलाते जनवरी–फरवरी '५५ में हिन्दू' दैनिक के एक रविवासरीय संस्करण में डा० के०सी० वरदाचारी द्वारा लिखित उनकी पुस्तक 'सत्य का उदय' की एक समीक्षा पढ़ी थी। मालिक ने मेरे दिल के जंक लगे दरबाजे को खट खटाया पर मैं अपनी रंगरेलियों में इतना डूबा हुआ था कि बुढ़ऊ की ठनकार सुनी-अनसुनी कर गया।

मैंने किताबें पढ़ने की बुरी आदत डाल रखी थी, किसी भी विषय पर, लोकेश से लौकी तक। धम, फिलासफी, योग की पुस्तकें भी मुझे उतनी ही दिलचस्प लगती थीं जितनी 'अलिफ-लैला की दास्तान' या 'अलीफ अजायब देश में'। रहस्यवाद पर लिखी पुस्तकों की ओर मेरा विशेष खिंचाव था, पर उतना ही वैज्ञानिक उपन्यासों की ओर भी था। पर, मेरे दिल बहलाव का साधन सिर्फ पुस्तकें ही नहीं थीं। मजा लूटने के मेरे और भी अनेकों जरिये थे। इन सब पठनों और मनोरंजनों में मालिक बराबर मेरे साथ बना हुआ था, पर मैं इस कदर जड़ हो गया था कि मुझे उसकी झलक तक दिखाई न पड़ सकी।

अपनी मौज के साथ-साथ मुझे कुछ कड़ुवे फल भी चखने पड़े। मुझे पता चला कि मेरे काल्पनिक आनन्द-सुखों की बेहिसाब भारी कीमत मुझे अदा करनी पड़ रही थी जो लगातार दर्द का जरिया बन गई थी, और कठिन परिश्रम से कमाए ऐश को भी बिगाड़े डाल रही थी। और कीमत भी कितनी! मेरी जान के एक हिस्से जितनी! जिन्दगी खुद एक बड़ी तकलीफ की शक्ल में बदलती जा रही थी। मगर मजा लूटने की आदतें ज्यों की त्यों चलती रहीं। तब मुझे बिल्कुल पता न था कि मालिक मेरी जान को सम्हाले हुए था, और मेरे हर दर्द व रंग-रस के दौरान भी मुझमें फैला—बसा हुआ था।

मैंने मालिक को लिखकर पूछा कि क्या वह भी औरों की तरह योग की सिर्फ बात ही बात करता है, या उस क्षेत्र में कुछ तजुर्बा और पहुँच भी रखता है। और, मुझ जैसे ईमानदार जिज्ञासु की रहबरी करने को तैय्यार है क्या? मालिक ने बड़ी तहजीब और खूबसूरत बारीकी के साथ जवाब दिया मैं अपने बारे में कहना नहीं चाहता, क्यों कि खुद के बिषय में बोलने से मन्सूर (विगत सदियों के महान् सूफी) को सूली पर चढ़ा दिया गया था। मेहरबानी करके इसे ध्यान से पढ़िये और फैसला अपने आप करिये। मैं आपका या उन सबका रहनुमा बनने को

तय्यार हूं, जो दरअसल हकीकत तक पहुँचने की तड़प रखते हैं। रुहानियत का यह खजाना जो मेरे गुरु महाराज ने मुझे एक अमानत की तौर में बख्शा है, आप सभी लोगों में बाँट देने के लिए ही है। मेहरबानी करके आप इसे मझसे लूट ले जाइए।' मालिक मेरी जड़ता दूर करने की कोशिश में लग चुका था, और मेरे सामने प्रकट हो चुका था। मगर मैं था चमगादड़ की तरह बिल्कुल अन्धा।

अन्य किताबों से बिल्कुल भिन्न मालिक की लिखी किताबों में मुझे योग के अनुभवों पर आश्रित मौलिक विचार मिले। मुझे निश्चय हो गया कि वह दरअसल में एक व्यावहारिक व्यक्ति था जिसने अपनी किताबों में शब्दों में वर्णित स्थितियों का वास्तविक अनुभव किया है।

प्राणाहुति का मसला मुझे बहुत ही दिलचस्प लगा। मेरी इच्छा प्रयोग करके उसका सही स्वाद लेने की होने लगी। मैंने निश्चय किया कि जहाँतक मुझसे सम्भव हो मालिक को पूरा पूरा सहकार दूँगा। अब मुझमें मालिक को रूबरू देखने की तीव्र इच्छा होने लगी। लेकिन इस इच्छा के साथ-साथ मुझे यह ख्याल बराबर परेशान कर रहा था कि जब तक मैं उनकी आज्ञाओं का पालन करके उनसे पूरा पूरा सहकार नहीं करता, तब तक उनसे रूबरू मिलना बेकार होगा, और जब तक मैं अपने को उनकी प्राणाहुति लेने के लायक नहीं बना लेता, तब तक रूहानियत के व्यावहारिक मामले में वे मेरी कुछ भी मदद नहीं कर सकते। दरअसल, मैं मालिक के शहर को मई जून ५५ में जाने का निश्चय कर चुका था और उन्हें इसकी सूचना भी दे चुका था। फिर भी ऊपर लिखी उलझनों के साथ-साथ मेरी कुछ शारीरिक बीमारियों के कारण मैं वह यात्रा न कर सका। मालिक मुझे उसके दर्शनों में पड़ी मेरी रुकावटों से वाकिफ करा रहा था और साथ ही उन्हें हटा भी रहा था।

मैंने चुपचाप, दिलसोजी के साथ प्रार्थना शुरू कर दी। रात और दिन लगातार महीनों तक मैं बराबर उन्हीं के बारे में सोचता रहा। तब, अचानक उनकी प्राणाहुति ने मुझमें चमत्कार पैदा करने शुरू कर दिये। अगर मैं मालिक के हुक्म के मुताबिक साधना में की गई सरगर्म कोशिशों और आध्यात्मिक अनुभवों का ब्यौरा लिखने बैठूँ, तो मुझे डर है, यह लेख बहुत लम्बा और शायद बे-मौके का हो जायगा। आखिरकार, अक्टूबर ५५ के महिने में एक भले दिन मैंने चुपचाप बिना आगाह, अपने को शाहजहाँपुर में मालिक के घर में पा ही लिया। उन्हें मेरी हालत पर तरस आ गया और मुझे पूरी तौर से तब्दील करने का काम उन्होने हाथ में ले लिया। मैंने देखा कि मालिक मेरे साथ ही था, पर अब मेरी इच्छाओं के बन्धनों ने उन्हें इनसान की शक्ल में मेरे प्यारे बाबूजी के रूप में सीमित कर दिया था।

मेरे आध्यात्मिक अनुभवों की भरपूर तेजी और उनकी प्राणाहुति से मेरे व्यक्तित्व में आए त्वरित बदलावों के बावजूद भी मझे उन्हें पूरी इच्छा और जानकारी के साथ मेरा मालिक स्वीकार करने में करीब छः महीने लग गये मालिक मेरे पास आ चुका था, परन्तु मेरे अभिमान, और खुदनुमाई के पर्दों ने मुझे वे हैं वैसे ही उन्हें देखने में रोक लगा रखी थी। मालिक हमेशा मेरे पास ही

है, पर वह इतना दिखावट–रहित और सादगी भरा है कि उसे शायद ही कोई देख पाता है !! लेकिन बात यह है कि लोग वास्तव में उन तक पहुँचना ही नहीं चाहते। वे इस विचार से अपने लिए बहाना बना लेते है कि वह पहुँच से परे है, और इसकी जगह वे अपने खुद के दिल–बहलावों में फँसे रहते हैं। एक उर्दू शायर ने कहा है-

थक थक के हर मंजिल पे दो चार रह गये।
आखिर तेरा पता न लगे, तो लाचार क्या करें॥

प्रार्थना यही है कि मालिक हमें कायम की मुस्तैदी बख्शे ताकि रूहानियत की सफर में हम किसी भी मुकाम पर अटक न जाँय, और वही हमें आगे बढ़ाता रहे। ●

---

❀ हमने एक thought लिया है कि हमारे रिस्ट वाच बँधी है मगर दूसरे से पूछते हैं कि टाइम क्या है ? इसी तरह God के लिए पूछते हैं।

❀ प्र०– रामायण पाठ बिना कैसे तरेंगे ?
उ०– रामायण लिखी जाने के पहले तो कोई तरा ही न होगा।

❀ किसी अभ्यासी ने अपनी एक दशा बाबूजी को बताई तो बाबूजी ने खुश होकर बड़ी प्रशंसा की। एक दूसरे सज्जन ने सुनकर घर लौटने के बाद बाबूजी को पत्र में अपनी वही दशा लिखकर भेजी। बाबूजी का उत्तर आया, खत आपका मिला। ऐसा लगता है कि जनाब को कोई दिमागी बीमारी हुई है। किसी अच्छे डाक्टर, वैद्य से इलाज करा लें। वहाँ न हों तो शाहजहांपुर आ जावें। यहाँ एक अच्छे हकीम हैं, दिखला देगें।

❀ ईश्वर सहाय जी से एक सज्जन कहते थे, बाबूजी कोई चमत्कार नहीं दिखाते। ये भी कोई पूजा है। सब कहने की बातें हैं जब ये चमत्कार नहीं दिखा सकते। ईश्वर सहाय जी ने बताया, ये एक चमत्कार अवश्य दिखाते हैं। आदमी को बन्दर बना देते हैं। मगर उसे फिर आदमी नहीं बनाते। वे सज्जन इस चमत्कार को देखने के लिए कतई राजी न हुए और चले गए।

(पूज्य बाबूजी महाराज)

# मानव के रूपान्तर होने की प्रकिया

(सुरेन्द्र मोहन प्रसाद)

जगत दो प्रकार के होते हैं अर्न्तगत् तथा वाह्य जगत् दोनो ही अनन्त अपार हैं । यदि हमारे महान् पुण्य कर्म से कहीं सद्गुरू मिल कर अन्तर्जगत की सैर करा दे तो हम कृतार्थ हो जाते हैं, हमें अपना लक्ष्य प्राप्त हो जाता है और हम अनेकों जन्म पाने व भटकने से बच जाते हैं इसके विपरीत यदि बहिर्जगत का आनन्द लेने निकल पड़े तो यह जीवन क्या अनेकों जीवन भोगते भोगते नर्क–स्वर्ग का आनन्द लेते हुये साइकिल के पहिये की भाँति संसार में घूमते रहते हैं और जीवन का अन्त नहीं आता है । प्राणी वाह्य जगत के पसारे में उलझ जाता है उसकी प्रत्येक इन्द्रिय नेत्र, कर्ण, मुख, त्वचा, मन आदि रूप, रस, स्पर्श, गन्ध आदि के रस लेने में लिप्त हो जाते हैं यही कारण है मानव जन्म मरण के भंवर में फँस कर कभी छुटकारा नहीं पा सकता ।

साधारणतयः मनुष्य भौतिक सुख की अपेक्षा इससे भी ऊँचा और सुख है यह जानता भी नहीं इसी सुख की प्राप्ति के लिये जीवन भर प्रयत्न करते करते एक दिन जीवन लीला समाप्त कर देता है । गर्भ काल में जीव प्रभु से वचन वद्ध होकर आता है वह इस भूल भुलैया रूपी संसार में पड़कर अपना लक्ष्य भूल जाता है और अपने इन्द्रिय सुख के आधार पर एक नया संसार निर्मित कर उसी में उलझ जाता है । इस भाँति विनाश का भय निरन्तर मन को भयभीत बनाये रखता है । रात दिन अपने मतलब की कहना, अमुक वस्तु अभी प्राप्त हुई है अमुक अभी नहीं, यही लगी रहती है । उसका लक्ष्य नश्वर सुखों की प्राप्ति रहता है । इसके विपरीत जब हम स्वयं को जीवन के परम लक्ष्य की खोज अर्थात् आध्यात्मिक दिशा की ओर मोड़ लेते हैं तभी हमारी वहिर्मुख इन्द्रियां अन्तर्मुख होने लगती हैं हमारे मिशन की पावन प्राणाहुति धारा हमारे प्राणों में परम तत्व की उपलब्धि कराती है । हमारा सहज मार्ग साधना द्वारा नया जीवन प्रारम्भ हो जाता है । यह श्रेय हमारे परम पूज्य "श्री बाबू जी" साहेब को है । जिन्होने भटकती मानव जाति को बचा लिया है । उन्होंने जो लक्ष्य हमारे सन्मुख रखा है उसे प्राण—शक्ति द्वारा हमारी आन्तरिक चेतना को थपथपा कर जागृत कर दिया अन्तिम लक्ष्य प्राप्त करने को मन वेचैन हो उठता है । हमारी सोई हुई सभी इन्द्रियायें सिमिट कर अन्तर में लौट आती हैं, अपने प्रियतम से मिलने के लिये अपने देश लौट चलने के लिये बिना कुछ सोच मन आगे बढ़ता जाता है "श्री बाबूजी" का वरद हस्त उसके साथ होता है भाँति भाँति के भुलावे कुछ विगाड़

नहीं कर पाते है। यह अन्तर्भाव हमें ध्यान योग द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। जो सहज मार्ग साधना द्वारा विशेष कर नित्य प्रात: अभ्यास से ही सुलभ है। जैसा कि हमारे पूज्य "बाबूजी" ने कहा है कि सुई उठाने के लिये क्रेन जैसी भारी मशीन काम में नहीं लाई जा सकती हम हाथ को चुटकी से ही उठा सकते हैं।

इसी भाँति अन्तर्जगत का दिव्य दर्शन पाने के लिये अन्तर्मुख होना पड़ेगा यह ध्यान योग के द्वारा धीरे धीरे हमारी मनोवृत्ति को हृदय में स्थिति केन्द्र में पहुँचा देती है। या यूँ कहिये हमारे "श्री सद्गुर बाबूजी महाराज अपनी प्राणाहुति द्वारा हमें सर्वशक्ति मान के क्षेत्र में पहुंचा देते हैं। यहाँ आकर हमें यह अनुभव होने लगता है कि बाहर का जगत बाहर हैं सब कार्य सुचारु रूप से सर्वशक्तिमान की शक्ति से यन्त्रवत् होने लगते है। और हम अन्तर्जगत की दिव्य अनुभूतियों का आनन्द लेते हुये अपनी सहज मार्ग साधन द्वारा लक्ष्य प्राप्त करने के लिये आगे ही आगे बढ़ते चले जाते हैं मेरी सद्गुरु से कर बद्ध प्रार्थना है कि प्रत्येक मानव-प्राणी को शुभ अवसर प्रदान करें कि वह अन्तर्जगत की दिव्य अनुभूतियों को प्राप्त कर क्ष्य सिद्ध करें। ●

---

❁ बाबुजी के पास एक बुजुर्ग पहुँचे और ईश्वर प्राप्ति की विधि पूछी। बाबूजी ने ईश्वरीय प्रकाश पर ध्यान करना बता दिया। बुजुर्ग बोले, बस इतना ही करना है। खाली ध्यान ध्यान से क्या होगा? ईश्वर नहीं मिल सकता। बाबूजी बोले-अभी बात पूरी हुई नहीं रात को दो बजे उठें, ठडे पानी से नहावें और बिना कुछ छुए बाथरूम में ही पटरे पर या जमीन पर बैठ कर दो घन्टे पूजा करें। बुजुर्ग बड़े खुश होकर बोले, हाँ। अब हुई बात। ये बताई असली विधि। बाबुजी ने बाद में बताया, लोहे के चने चबाने को लोग तैयार हैं, पर हलुआ खाने को नहीं।

❁ ईश्वर-प्राप्ति अब सरकारी नौकरी पाने से आसान हो गई है।

❁ पूज्य बाबूजी महाराज ❁

# "हम क्या करें"

(श्री अनिल कुमार सेठ, सीतापुर)

यदि हम प्रयत्न करे और किंचित मात्र भी समय ईश्वर प्राप्ति के लिए निकालें और ध्यान करें तो रास्ता अपने आप बनता जावेगा और कोई बाधा नहीं आवेगी।

ईश्वर प्राप्ति के आज अनेकों साधन हैं, किन्तु क्या कोई रास्ता सही है, कोई सही मार्ग है, यदि हम अपने अन्तर में विचार करें तो अपने आप उत्तर आता है कि बहुत ही सरल और सहज रास्ता है, सहज मार्ग साधना पद्धति। अभ्यासी को तो केवल ध्यान करना है, शेष मालिक पर छोड़ देना है। इतना मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि इससे सहज और सरल मार्ग अब तक इस युग में न हुआ है और शायद न होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि ईश्वर प्राप्ति के साथ ही साथ पुराने दुष्कर्म यानी बुरे संस्कारों को दूर करने का उपाय भी इस मार्ग में है। तो हमको जो एक पथ हमारे श्री बाबूजी महाराज ने दिखाया है, हम उस पर नियमानुसार अमल करें तो ईश्वर प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति कोई कठिन नहीं होगी यहाँ पर एक प्रार्थना की लाईन याद आती है :—

"हाँ क्षितिज पट्टी पर होकर से,<br>
अब जुड़ जावेगी अमर कहानी।<br>
आज हिमालय तक गूँजेगी,<br>
बाबू तेरी कोमल वाणी।<br>
कैसे स्वागत मैं करूँ देव,<br>
तुझको प्रणाम शत् शत् प्रणाम॥"

तो इस प्रकार हमारे पास न तो शब्द है न ही दिशा ज्ञान है कि हम अपने पूज्य श्री बाबूजी महाराज का स्वागत कर सकें। अब वह दिन दूर नहीं जब हिमालय तक ही नहीं बल्कि सारे जगत् में पूज्य श्री बाबूजी महाराज की अमृत वाणी गूँजेगी और अवश्य गूँजेगी।

इसमें हर एक अभ्यासी का योगदान क्या होना चाहिए वह जो कुछ मुझ दीन-हीन की समझ में आया है लिख रहा हूँ :—

१- सहज मार्ग के नियमों का पालन करना, यानी सुबह लगभग एक घन्टा ध्यान शाम को सफाई [Cleaning process] और रात को सोते समय प्रार्थना।

यदि इतना ही हम नियमानुसार करते रहें तो बहुत बड़ा योगदान सहज मार्ग के लिए करेगें।

२– हम कोई भी कार्य करते हो किसी कार्यालय में हो अथवा व्यापार में या कहीं भी हों, हमेशा मालिक की याद में डूबे रहें और यह भी ध्यान रखें कि हम जो कुछ कर रहे हैं वह मालिक के आँतरिक [Internal] निर्देशों से कर रहे हैं। यह तभी संभव है जब हममें संपूर्ण आत्म—समर्पण [Self-Surrender की भावना आ जाये।

३– हम जहाँ भी हों अपने मिशन का प्रचार व सेवा तन—मन-धन से करने का प्रयत्न करें। साथ ही साथ यह भी कोशिश करें कि इस पद्धति से जितने अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें उतना ही श्रेष्ठ है। इस बारे में अपने साथियों को भी बतायें कि ईश्वर प्राप्ति का यही एक बहुत सहज और सरल उपाय है।

४– अपनी ओर से हमेशा हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि मिशन का नाम ऊँचा हो। हम कोई ऐसा कार्य न करें जिससे मिशन की बदनामी हो। हम जहाँ भी हों कभी किसी की बुराई न करें, न ही किसी के बारे में बुरा सोचें हमेशा भलाई की बात ध्यान में लावें।

५– जहां तक संभव हो, मानवता की सेवा, बिना किसी द्वेष भाव के करने का पूर्ण प्रयत्न करना चाहिए। यहाँ पर एक उदाहरण अपने मिशन का देना चाहूँगा, अभी एक वर्ष पूर्व बसन्त उत्सव पर शाहजहाँपुर में जब सभी अभ्यासी भाई पूजा हाल (Meditation hall) में पूजा कर रहे थे, तो हमारे एक ही अन्य अभ्यासी भाई पूजा हाल के बाहर पड़े अन्य अभ्यासी भाइयों के जूते व चप्पलों को उठा बिना संकोच के पंक्ति से लगा रहे थे। इस प्रकार अन्य उदाहरण भी मिल जावेगे। तो इस प्रकार हम मिशन के अभ्यासी भाइयों के साथ हों या कहीं भी हो हमेशा मानवता की सेवा करने का प्रयत्न करें।

६– हमेशा हर पल याद रखें कि यह मिशन हमारा है और हम मिशन के लिए बने हैं "रहो तो ऐसे रहो जैसे मिशन हमारा है"

७– अपने अहम् (अहंकार) को पूर्ण रूप से त्यागने का प्रयत्न करना चाहिए।

८– हमेशा याद रखें कि मालिक की दृष्टि हमारे ऊपर है, इसलिए हम जो कुछ कर रहे हैं सब उसको पता है। तेरे हर काम पे मालिक की नजर है, याद रख हर बात की दाता को खबर है।

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए यदि हम अपनी पूजा (साधना) करते रहें तो शायद अपनी सहज मार्ग साधना पद्धति में सही योगदान करने का एक कदम होगा। पूज्य श्री बाबूजी महाराज की तारीफ करना तो सूर्य को दिया दिखाने के समान होगा इतना सरल, व्यक्तित्व, इतने सहज मानव, इतना सादापन, "न ये हो न वो हो, तुम और क्या हो खुदा हो या न हो, यह बाबूजी जानें।

हम तो उनकी चरणों की धूल के बराबर भी नहीं हैं हम किन शब्दों से उस महान व्यक्तित्व की प्रशंसा करें, हमारे पास शब्द ही कहाँ हैं।

प्रत्येक ग्रभ्यासी के दुख दर्द को ग्रपना दुख दर्द समझना हर एक पर ग्रपना व्यक्तिगत ध्यान देना। उदाहरणार्थ जब शाहजहाँपुर में ग्राश्रम का निर्माण कार्य चल रहा था, वहाँ पर पूज्य बाबूजी महाराज प्रतिदिन स्वयं उपस्थित रहकर कार्य सम्पन्न कराते थे चाहे तबियत खराब हो, चाहे रिक्शा से ग्राना पड़े, ग्ररे वह तो एक गुणों की खान हैं, भंडार हैं। हर समय ग्रपना ज्ञान, ध्यान लुटा रहे हैं, लगातार (Transmission) प्राणाहुति दिये जा रहे हैं।

ग्रभ्यासी तो बस ध्यान लगाकर पूजा करें, बाबूजी महाराज ग्रपने ग्राप लक्ष्य तक पहुँचा देंगे। ग्रन्त में एक पंक्ति के साथ समाप्त करूंगा।

"केवल ध्यान लगाले ग्रपना योगदान कर, जहाँ तक हो सके वो ही (मालिक) तेरी नईया लगायेगा पार।" ●

****
****

❀ बाबूजी—लोग ग्राते हैं यहाँ तमाशाई होते हैं।

प्र०—बाबूजी। लोग हज करने भी तो जाते हैं। वैसे ही यहाँ भी ग्रा सकते हैं। कुछ न कुछ तो मिलेगा ही।

बाबूजी—ये तो भाई ऐसा है–एक शेर याद ग्राया।

मक्का गए मदीना गए, बनके ग्राए हाजी।
पिछली ग्रादत एको न गई, रहे पाजी के पाजी॥

❀ जब रेस्ट हाऊस बन रहा था, गधों पर ईटें लदकर ग्रा रही थीं।

प्र०- बाबूजी, इन्हें गधा क्यों कहते हैं ?

उ०- एक कैफियत तो यह है कि यह ग्रपना घर भूल जाता है। वापस खुद घर नहीं पहुँचता दूसरी कैफियत यह है कि हरियाली देखकर तो रोता है ग्रौर सूखे में खुशी से लोटता है। हरियाली देखकर समझता है कि मैंने कुछ खाया नहीं ग्रौर मैदान देखकर समझता है मैंने सब खा लिया।

❀ पूज्य बाबूजी महाराज ★

☆

# सतत स्मरण

किसी भी वस्तु या व्यक्ति की पहले हमें जानकारी होती है, ज्ञान होता है । श्रेयस्कर जँच गया, प्रिय जँच गया तो याद आती है। और ज्यों ज्यों उसकी प्रियता हृदय में प्रवेश करती जाती है उस मधुर याद की एक एक श्रंखला सी बन जाती है और वह याद, माधुर्य वह प्रियता और भी अधिक प्रगाढ़ होने पर मन उसी में रम जाता है ।

Commentary on ten Commandments में बाबू जी महाराज ने एक दृष्टान्त दिया है । थ्येटर में आपने जमीला का नृत्य देखा। उसके नृत्य कला की, उसके सौष्ठव एवं अंग प्रत्यंग के संचालन की आपको जानकारी हुई। आप घर आ गये आप विचार कर रहे है कि आप ने बहुत सुन्दर नृत्य और नृत्यांगना को देखा । दूसरे दिन, तीसरे दिन बार बार आप देखने गये, सौन्दर्य और माधुर्य आपके चित्त पर अपना रंग चढ़ाता जा रहा है आप अब उसी के चिंतन में बने रहते हैं ।

चिन्तन और गहरा होता गया और आप अधिक से अधिक महवे ख्याल होते गए, प्रेयसी के विचारों में निमग्न होते गए अब तो यह हालत हो गई कि हर खनक में जमीला की मिठास आने लगी जहाँ निगाह जाती है जमीला खड़ी दिखती है । जमीला यदि नगर के बाहर चली गई तो रेल की पटरियों को देख कर याद आती है कि ये पटरियाँ उस नगर तक गई है जहाँ वह गई है ।

हमारे अन्तः करण में चार संकाय हैं, चार सेक्शन-बुद्धि, अहंकार, चित्त और मन। बुद्धि जानकारी कराती है । उसके द्वारा सूचना प्राप्त करके हमें ज्ञान होता है । अहंकार तब कहता है कि मैंने अमुक सुन्दर वस्तु या व्यक्ति देखा । जब वह सुन्दरता चित्त पर चढ गई तो याद आने लगी और फिर यादों की बरात चल पड़ी, एक धारा प्रवाहित हो गई उन्हीं बिचारों की और वह जब उससे अधिक प्रगाढ हुई तो मन उसी रंग में रंग गया उन्हीं भावनाओं से चिपक गया ।

अतः चार बिक्रयायें हैं जानना, याद आना, यादों की श्रखला बन जाना और मन का उससे चिपक जाना उसमे रम जाना । इन्हीं के चार विशिष्ट नाम है अववोधन, स्मरण, ध्यान एवं सतत स्मरण । ज्ञान प्राप्त करो, प्रियता का बोध होने पर स्मरण होगा प्रियता बढाने पर ध्यान जायेगा और ध्यान

प्रगाढ होने पर स्मरण टूटेगा ही नहीं, चित्त में फाँस लग जायेगी । निरन्तर भजन होने लगेगा । भजन के सही अर्थ गीत ज्ञान नहीं है, भज् धातु से भजन बना है, भज् का अर्थ है अविभक्त न होना, चिपक जाना–

भज मन राम चरण सुखदाई–हे मन तू राम के सुखदाई चरणों से चिपक जा एक बार भी राम का उच्चारण मत करो परन्तु मन को उन सुखद गुरु चरणों से चिपका दो, छुटाये से न छूटे । संसार की आकर्षक वस्तु भी उसे वहाँ से विरत न करे यह सतत स्मरण की स्थिति है । साधना का एक स्टेज है ।

तो हमें पहले परम पावन श्री सद्गुरु महाराज के युगल चरणों में, प्रणिपात करना होगा । उनको प्राप्त करके उनके सन्निध्य से उनके सतसंग से उनके सदुपदेश से, उनके बताये मार्ग से चलने से, उनके आदेशों के अनुपालन से उस परम प्रकाशवान, सौन्दर्य निधि शाश्वत एक रस जमीला का ज्ञान प्राप्त करना होगा-उस ज्ञान की जानकारी को बार बार मानस पटल पर लाने से स्मरण चालू होगा सुबह दोपहर शाम, रात्रि में अनेकों बार सुधि अति रहेगी । स्मरण के ये विरल झटके ही जब धार स्वरूप एक तार प्रवाहित होंगे तो ध्यान का आनन्द आयेगा–और अभ्यास करते करते जब ध्यानानन्द प्रगाढ होगा तो स्मृति पटल पर अन्य एक छाप मिट कर उस एक की ही छाप रह जायेगी भले दैव योग से साधक गूंगा हो और एक बार भी राम का उच्चारण न करे परन्तु राम में ही रमण करता रहेगा जमीला के जमाल दर्शन से उसे कोई परिस्थिति विरत न कर सकेगी हजार संकट आवें मुसीबतों के पहाड़ टूट पड़ें परन्तु वह पावन मधुर स्मृति अपनी जगह पर अखँड दीप की भाँति प्रकाशमान रहेगी ।

और इस स्थिति के प्राप्ति के उपाय अनेक है श्री बाबूजी महाराज ने जो बताये हैं उनमें से दो का उल्लेख कर रहा हूँ ।

१- प्रभु सबमें और सर्वत्र व्यापक है मैं उनका चिन्तन कर रहा हूं अपने खाली समयों में हम इसी पर विचार करते रहे ।
२- कारखाना या कार्यालय में जहाँ काम की अधिकता के कारण समयाभाव है और भूलने की सम्भावना है वहाँ प्रारम्भ में ही यह विचार करें कि यह कार्य मस्तिष्क का है मालिक की ओर से सम्पादन हेतु मुझे मिला है और मेरे द्वारा मालिक ही मुझसे करा रहे हैं और यह विचार मन में लेकर कार्य सागर में कूद पड़ें ।

विचार किया जाय तो अपना सारा जीवन ही एक कारखाना हैं प्रतिदिन जब सबेरे हम उठते हैं तो यही विचार करें कि सारा दिन मालिक का, इसमें घर से बाहर तक सब काम मालिक का और उसको पूरा करने के लिये मालिक की ओर से नियुक्त हम मात्र निमित्त और इसी विचार को हृदयगम करके नींद खुलने से नींद लगने तक सब काम करते रहें ।

कभी–कभी क्या अपितु प्रायः यह मन से आता है कि हम मालिक को भूल गए सतत स्मरण टूट गया । बहन जी पूज्य बाद श्री कस्तूरी जी का कथन है कि यह शंका नहीं

करनी चाहिए। अब चेतन में उनकी याद रहती ही है वही रह-रह के पीड़ा उठाती है कि हम भूल गए, अतः मन में इस प्रकार की दुर्बल मानसिकता नहीं आने देना चाहिए।

संसार में रहते हुए, ग्रहस्थ जीवन चलाते हुए, बौद्धिक स्तर के विशेष कार्यों को करते हुए, चेतन मन से प्रत्यक्ष सतत स्मरण में बने रहना, स्मरण की प्रत्यक्ष धारा टूटे ही नही अत्यन्त कठिन है। गाड़ी चलाना है आगे अंधा मोड़ है, किसी पत्र का मुकदमें का महत्वपूर्ण मसविदा बनना है उस में चेतन मन को पूरा का पूरा लगाना पड़ेगा। आप इँजीनियर हैं, बैंक के अकाउन्टेंट हैं, कोई जटिल उपकरण या लेखा उलझ गया उस समय आप की पूरी चेतना उसमें लुप्त हो जायेगी इन्ही अवसरो पर अवचेतन मन के अपने फिक्सड—डिपाजिट पर हमें निश्चिंत एवं अऽमलान रहना चाहिए और जब जब खाली समय मिले तब तब चेतन मन से भी स्मरण करता चले। खाली समय भी हमारे पास बहुत है। अपनी असावधानी में हम कहते या समझते हैं कि समयाभाव है। टट्टी, पेशाब, भोजन, जलपान, करते समय खेत, खलिहान, कार्यालय, कारखानों, बाजार आदि जाते और आते समय ट्रेन में, वस में सफर करते समय साइकिल पर चलते समय नींद खुलने पर, चारपाई पर अलसाये पड़े रहने के समय, रात में नींद न आने तक के समय में तमाम समय ही समय है जब हम यह अत्यन्त छोटा सा परन्तु अत्यन्त मूल्यवान बिचार चिंतन के रुप में, तोता रटंत नही मन में ला सकते है कि प्रभु सर्वत्र व्याप्त है और हम उसी का चिन्तन कर रहे हैं

बुद्धि, अहंकार, चित्त और मन—चार उपकरण, इंस्ट्रूमेंट, हथियार और क्रमशः चार ही प्रयोग एवं उपयोग ज्ञान, स्मरण, ध्यान एवं सतत स्मरण। समस्त इन्द्रियों का अधिपति मन वैसे ही सर्वोपरि श्रेष्ठ स्थित सतत स्मरण' सतत स्मरण सारे साधनाओं का एवं जन्म-जन्म के सारे पुण्य कर्मों का अमर फल हैं। सतत स्मरण अर्थात प्रभु के मालिक के बिचारो में निरन्तर प्रवाहमान रहना-यही लय अवस्था है। यही विनाशी की ओर से अविनाशी की ओर मुख फेरना, हमारा प्रत्यावर्तन या रूपान्तरण है। मन को इस दुनिया की ओर से हटाकर प्रभु की ओर उस पार कर देना इसी से होता है। अत यही ट्रांसफारमेशन है। सारे रोगो का एक मात्र औषधि अमृत - धारा यही है। Constant romembrance is the only remedy for all ailments, और सरल, सुगम एवं सहज इतना कि हमारी बहनें बेटियाँ झाड़ू बुहारू, दूध दही-खाना पकाना, मसाला पीसना, आटा गूँथना, बरतन गलना, कपड़ा धोना आदि सब करते हुए मन से मालिक के श्रीचरणों का सन्निध्य मय पावन स्मरण करती रहें। इसीलिए यह सहज मार्ग है। अध्यात्मिक के क्षेत्र में सारा खेल इसी चित्त वृत्ति का है।

विशेष अवसरों पर हवाई जहाजों की कलाबाजियां आपने देखी होगी। बड़े बड़े जंक्शन स्टेशनों पर pointsmen की कला कुशलता आपने देखी होगी, तनिक सा एक प्वाइंट (point) बदलने मात्र पर हवाई जहाज ऊपर से नीचे या नीचे से ऊपर होने लगता है। पच्छिम जाती हुई तुफान एक्सप्रेस अपने उसी तीव्र गति से सैंकड़ों

पटरियों के महाजाल को खच खच खच खच चीरती हुई उत्तराभिमुख हो जाती है। यह है key-point का करिश्मा। हमारी चित्त वृति भी एक अनन्त शक्ति समपन्न केन्द्र बिन्दु है, key point है, इन चारो संकायों को अधोमुख कर दीजिये संसार के साथ लगा दीजिये, कामिनी कंचन की ओर मोड़ दीजिये आपका वायुयान दुर्घटना ग्रस्त होके रहेगा। इन्हे उर्ध्वमुख, कर दीजिये, मालिक के चरणों में लगा दीजिये कल्याण सुनिश्चित है।

तो हम मनुष्य जीवन वाले सौभाग्यशाली लोग ऐसे दो राहे के नुक्कड़ पर हैं जहाँ से एक दूसरे के विपरीत दिशा में 'श्रेयस' और 'प्रेयस' के दो मार्ग जाते हैं मालिक ने विवेक भी दे रखा है और सौभाग्य शालियों के लिए, सतकर्मियों एवं पुण्यात्माओं के लिए सद्गुरु भी भेज देता है। जो बार बार उद्घोष करता है कि अमुक मार्ग से चलो। सद्गुरु की शरण में जाना, उनके बताये विधि तथा मार्ग पर चलने से ही चित्त वृत्ति के ऊपर हम विजय पा सकते हैं और तब उसे श्रेयस की ओर मोड़ सकते हैं।

सद्गुरु के शरण में जाने का यह भाव नहीं है कि हम उनके निवास पर पड़ाव डाल द जब सुविधा है, साधक को भी तथा सद्गुरु को भी, तब उनसे सम्पर्क करने, सतसंग करने जाना चाहिए परन्तु मानसिक उपस्थिति ज्यादा कीमती है यह कदापि आवश्यक नही है कि जो व्यक्ति उनके ढिग नित्य रहता हो वह उत्तम साधक हो ही हमे मानसिक रुप से उनके शरणापन्न होना है। मानसिक रुप से उन पर निर्भर होना है, कहने का दिखावा भी नही होना चाहिए अपने जो भी सद्गुण या सुकृति हो वह सब उनका और उनके कृपा से सम्पादित समझना चाहिए। जो दोष हों, दुष्कृतियाँ हों उन्हे अपना समझकर उनके महान सामर्थ और शक्ति को समझते हुए उसके निवारण हेतु उनसे प्रार्थना करते रहना चाहिए। जिन लोगों ने सौभाग्यवश श्री बाबू जी महाराज का लवलेश सतसंग प्राप्त किया होगा उन्हों ने देखा होगा कि वे प्रायः कहते रहते हैं कि यह सब लाला जी की कृपा है"।

हम भी उनके सतत स्मरण में, उन्ही के कृपा के सहारे, उनके बताए मार्ग से उन्हीं के चरण चिन्हों का अनुसरण करने का प्रयास करें। ●

---

❀ ना था कुछ तो खुदा था कुछ ना होता तो खुदा होता।
डुबोया मुझको होने ने, ना होता मैं तो क्या होता॥

❀ पूज्य बाबूजी महाराज ❀

# ससीम से असीम तक

(गुरु दासी बृजवाला)

॥ श्री देव गुरू सँस्मरण ॥

मालिक के ब्रह्मलीन हो जाने के पश्चात मेरा Iqnosant अज्ञानी नन्हा हृदय दर्द से बेचैन था, कि मेरे मालिक को इसकी तुरन्त खबर हो गयी और उन्होंने, यह दिव्य भाव मेरे मन में पैदा किए। जिससे मुझे ज्ञान हो गया और मन को ढाढ़ँस मिला। मेरी तरह ही औरों को भी शँका नहीं कि इसका दुख न हुआ हो। ऐसा कोई विरला ही होगा जो अभ्यासी हो और ऐसा महसूस न करता हो। क्यों कि, हम सभी साँसारिक प्राणी हैं। यह बात अलग है कि हममें वह सूक्ष्म निरीक्षण व अनुभव करने की शक्ति आम लोग से कुछ अधिक है। क्यों कि हम लोग सहज मार्गी हैं और सहज मार्ग वह मार्ग है जिसमें सूक्ष्म सँवेदनाओं को ग्रहण करने, सँवेगात्मक तरंगों का विनिमय, व उनका आत्मा से परमात्मा यानि अक्षय भँडार से जोड़ने का ही प्रयत्न है। है। सहज मार्ग वह तार है जो मनुष्य का नाता ईश्वर से जोड़ता है। जिसमें गुरू की प्राणाहुति शक्ति ही उसे जोड़ने का कार्य करती है। यही वह रहस्य है जो हमारा नाता आध्यात्मिक सँसार से जोड़ देता है। इसी से मालिक बार बार हमसे कहते थे। "भाई वेट खोदो, तराजू नहीं"। वह ऐसा इसलिए बार बार कहते थे क्योंकि जब तक अभ्यासी सांसारिकता के बोझ में दबा रहेगा वह दैवी सन्देश क्यों कर ग्रहण कर सकेगा। इसी से यह आवश्यक है कि हम सभी अभ्यासी अपना संचार माध्यम ठीक रखें। ताकि दैवी सँन्देश लौट न जाए। यही कारण था कि मालिक बार बार हमारा ध्यान सफाई, आन्तरिक सफाई जो संध्याकालीन हमारे सहज मार्ग में है, पर अधिक ध्यान देने के लिए कहते थे।

वह वेट और कोई नहीं हमारी कमजोरियों, पुराने संस्कारों का है। जैसे किसी भी तरह का अहम् अपने में पाल लेना। चाहे वह बड़प्पन हमारा पूजा सम्बन्धित ही क्यों न हो। आध्यात्मिकता के शहर में घुसने के लिए यही सबसे बड़ी दीवार है। जो आगे उन्नति का रास्ता बन्द कर देती है। और हमारी प्रगति जहाँ की तहाँ रुक जाती है। हमारे गुरुदेव किसी भी अभ्यासी में यह कुसंस्कार नहीं देखना चाहते थे। चाहे कोई भी अभ्यासी उनकी प्राणहुति शक्ति द्वारा कितनी भी उच्च अवस्था को प्राप्त क्यों न कर चुका हो। वह उन्हे गर्व रहित देखना चाहते थे। उनका स्वयं का जीवन इसका प्रतीक है। उन्होने कितना उच्च उदाहरण आध्यात्मिक जगत को

दिया । आज तक उन्होंने स्वयं को कभी 'गुरू' भी नहीं कहा । ऐसा कहीं उदाहरण नहीं मिलता । हमारे मिशन में इस शब्द का प्रयोग बहुत ही कम हुआ है । वह भी उनके पीछे । सामने उपस्थिति में सभी लोग उन्हें 'बाबूजी' ही कहते थे । जो केवल एक आत्मीय के लिए ही प्रयोग किया जाता है ।

कहना न होगा कि वह भी उस एक व्यक्तित्व के लिए, जिसका आज तक की सृष्टि में कहीं दूसरी मिसाल मौजूद नहीं । वही हैं जिन्होंने ईश्वर साक्षात्कार कितना सरल कर दिया है । उन्हीं की पुस्तक 'सहज मार्ग दर्शन' में पृष्ठ ३८ पर लिखा है– "दैवी व्यक्तित्व कि विद्यमानता के कारण आजकल साक्षात्कार अत्यन्त सरल हो गया है" ।

यही एक रास्ता है जिस पर चलते–२ स्वयं मंजिल का भान होने लगता है । सच की परख व अनुभव शक्ति स्वयं यह रहस्य पर्त दर पर्त खोलती चली जाती है, हमारा उत्साह बढ़ता ही जाता है और किसी से अपनी अवस्था पूछने की जरूरत भी महसूस नहीं होती क्योंकि यही वह मार्ग है जिस पर चलकर अभ्यासी अपनी पूर्व अवस्था से स्वयं की तुलना करता जाता है । यही नहीं आसपास वाले भी उसका यह परिवर्तन महसूस करने लगते हैं वह जहाँ भी जाता है कहीं भी हो खुशबू फैलाता चला जाता है चाहे कोई इस बात का रहस्य जाने या न जाने । उसमें आकर्षण शक्ति इस कदर बढ़ जाती है कि लोग उसके समीप रहने पर सुख व शान्ति का अनुभव करते हैं । अतिश्योक्ति न होगी अगर कहूँ कि मनुष्य तो मनुष्य खूंखार जानवर भी उसे प्यार करने लगते हैं ।

इसी से सृष्टा को हम बार–२ धन्यवाद देते हैं कि उसने हमें उपयुक्त समय पर जन्म दिया । जिस समय वह भी इस असार सँसार में आया हुआ था । और जाने कब से असहाय को सहारा देने के लिए ही शरीर धारण किये हुए था । हमने उन्हें खोज ही नहीं लिया । बल्कि उन्हें पा भी लिया । उन्होंने भी हमें अपना लिया ।

उस ईश्वर की तरह जो चारो ओर अपनी सत्ता बिछाऐ हुए है । परन्तु दीखता नहीं । उसको महसूस तो करते हैं । परन्तु उसका भौतिक आकार आंखों से देख नही पाते । वह ठोस जो नहीं, जिसका कोई आकार होता । नाम होता, स्थान होता या काल बद्ध होता । वह तो हमारे हृदय आसन पर ही विराजमान है । वहीं से वह हमारा सारा तमाशा देखता रहता है कि हम उसे ढूंढने के लिए सौ–सौ कोस कभी काशी तो कभी काबा तलाशते फिरते हैं परन्तु उसे घर बैठे अपने हृदय में ही झाँक कर नहीं देखते ।

अब जरा यह भी समझ लीजिए कि वह हमारे दिल में बैठे हैं तो कैसे ? हम उसी की शक्ति व सत्ता नित्य प्रति सभी जगह सभी वस्तुओं में देखते हैं । वह जर्रे जर्रे में विद्यमान हैं । नित्य प्रति हम वस्तुओं (जान व बेजान) का पैदा होना, आकार पकड़ना व नष्ट होना देखते रहते हैं । यह सब कौन करता है ? निर्विवाद उत्तर है, ईश्वर ।

मनुष्य सुन्दर से सुन्दर बुत की रचना कर सकता है परन्तु उसमें या मृत पुतले में पुनः प्राण नहीं डाल सकता । यहीं उसकी सीमा है । परन्तु ईश्वरीय सत्ता सर्वव्यापी

है पर आकार, व ठोस नहीं, वरन् दोनो से परे की अवस्था है।

पदार्थ विलय के सिद्धान्त द्वारा इसे समझना आसान होगा। किसी भी पदार्थ की तीन अवस्थाएँ होती हैं। ठोस, द्रव्य व गैस, ठोस में भार होता है, आकार होता है जो मानवी आँखों को दिखाई देता है। वह एक जगह पड़ा रहता है, जब तक की मानवी हाथ उसे कहीं और उठाकर न रखें। उसे हिलाने डुलाने के लिए शक्ति चाहिए। वह लचीला नहीं होता, न ही उसमें व्यापकता होती है।

द्रव्य में थोड़ा आकार होता हैं, थोड़ा ढीलापन लचीलापन जिस वर्तन में रखिए, उसकी आकृति ले लेता है, वह तरल होता है व्यापकता ठोस से कुछ अधिक होती है। उसका आकार देखा जा सकता है। गैस में फैलाव खूब होता है असीमित, व खुशबू होती है। जो केवल महसूस की जाती है बताई नहीं जाती। वह भारहीन होती है इसी से ऊपर की तरफ उठता चला जाता है, कोई आकृति उसकी नहीं होती। उसका यन्त्र दिल है जिसे जरा उसकी ओर लगाकर तो देखिए। बस सँचार शुरू हो जाता है, गुरू की प्राणाहूति शक्ति के बल से जब हम यह देखते हैं, कि हृदय में ईश्वरीय प्रकाश विद्यमान है जो आ गया लौ जैसा सुनहरा नहीं, केवल एक भाव है विचार द्वारा उसे set कर दीजिए बस फिर क्या, जरा प्रेम भरे हृदय की आँच से उसे पिघलाते जाइए। वह ठोस पिघलेगा फिर तरल द्रव्य बनेगा। फिर उसमें वाष्प निकलेगी। जो उस तक हमारी खबर पहुँचा देगी। कि कोई उसको तहे दिल से याद कर रहा है। खबर होते ही वह अपने दिल के द्वार खोलकर याद करने वाले का स्वागत करेगा।

हमारे गुरूदेव ने अपने सीमित आकार को असीमित में बदल दिया ताकि वह अति शीघ्र समस्त तक पहुंचकर उन्हें आत्मसात कर लें। हमारे हृदय को अक्षय भँडार से जोड़ दें। उन्हीं के शब्दों में उनकी पुस्तक "सहज मार्ग दर्शन" में लिखा है जब अवस्थाएँ पूरी तरह स्थिर हो जाती हैं समानान्तरत्व दैविक व मानवीय समाप्त हो जाता है और मनुष्यत्व अपने सृजनात्मक बल के साथ नगण्य स्थिति को प्राप्त हो जाता है। जब मानवीय सीमाएँ समाप्त हो जाती है सबका विस्तार असीम हो जाता है। यहाँ तक कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अपने में ही समाहित मालूम होता है। तब यदि ब्रह्माण्ड में कोई घटना होती है तो उसकी प्रतिध्वनि हृदय में होती है। प्रकृति के अन्तर्गत हर चीज तब उसकी जानकारी और दृष्टि में होती है। इसीलिए उनका कहना है कि मनुष्य शरीर त्यागना ही पड़ता है ताकि ब्रह्माण्ड में पूरी तरह विराज सके, इसी से वह कहते हैं। 'फिर भी मनुष्यत्व की पूर्ण समाप्ति तब तक नहीं हो सकती जब तक एक मनुष्य शरीर धारण किए रहता है।'

वास्तव में गुरू के पार्थिव शरीर का यह आकार परिवर्तन जीव और ब्रह्म के बीच एक न टूटने वाली सँचार व्यवस्था ही तो है। एक ऐसा तार है जो हमें उससे जोड़ देता है। इसी से यह कहना गलत न होगा कि, गुरू का भौतिक आकार से निराकार व उससे भी परे जो अवस्था है, वह हो जाना

ऐसा ही है । जैसे महा आत्मा का परमात्मा बन जाना, अब समस्त दूरियाँ मिट गई ।

यही वह अवस्था है जिसके लिए वह हमें सदा प्रेरित करते रहे हैं । उसे प्राप्त करना ही केवल हमारा ध्येय होना चाहिए । देखिए, वर्फ, पानी, व वाष्य तीनों पदाथ की अवस्थाएं हैं । मूल एक ही है । वर्फ सीमित है, वाष्प असीम । ससीम से असीम की यह यात्रा ही सहज पन्थ पर चलना है । वाष्प की मात्रा कुछ भी हो उसमें बड़ा लचीलापन है, वही व्यापकता है, और सब कुछ आत्म सात करने की क्षमता भी है । जो ठोस में नहीं है सबसे तीव्र गति सद बिचार की है । विचार बिना चलना केवल भटकना ही है । विचार सहज मार्ग की आधार शिला है । और ध्यान गैस की भाँति है। बर्तन में रखे हुए बर्फ को थोड़ा विचार की गर्मी से पिघलाइए वह तीनों अवस्थाएं पार लेगा फिर वह भाप बनकर बर्तन के ऊपर उठने लगेगा, वह वहाँ तक चला जाता है जहाँ हम उसे देख नहीं सकते। जैसे हम पतीली से निकलती हुई भाप कुछ दूर तक तो देख सकते हैं पर जहाँ तक वह वास्तव में जा रही है नही देख पाते । क्योंकि उसका फैलाव आगे जाकर बढ़ता ही चला जाता है । जहाँ आँखे देख नहीं सकती । पर सचाई तो यह है कि वह हमारे दिखाई देने तक ही सीमित नहीं होता । इसी तरह जब हम याद को दिल में बसाते हैं और फिर तड़प तड़प कर उसके लिए बेचैन होते हैं तो वह विचार वाष्प बन कर उसके हृदय से जा टकरायेगा, और हमारी तड़प की फरियाद वह फिर सुन लेगा। अब हालत यह हो जाती है कि फिर उसे याद करने वाले के बिन चैन कहाँ । मामला वही उलट कर Invertendo का हो जायेगा । इसी से तो फिर सर्वव्यापक राम के विषय में कबीर जी ने यह कहा हैं ।

"हल्का कहूँ तो बहुत डरूँ ।<br>
भारी कहूँ तो झूठ ।<br>
मैं का जाडूँ राम को<br>
नैनन कबहूं न दीठ ।"

उसे कैसे उसका ही सन्देश कहूँ ।

कवीर के शब्दों में ही, वह ऐसा ही है, जैसे

"कागज पर लिखत न बनत ।<br>
कहत सन्देश लजात ॥<br>
कहि है सब तेरो हियो ।<br>
मेरे हिय की वात ॥"

****<br>
****

ॐ श्री सद्गुरुवेनमः ।।

# अन्तर्वेदना

(अभय, इलाहाबाद)

उन्होंने कहा था "प्रेम उसको करो, जो सारी मानवता को प्रेम करता है" बातों में दम था, अजीब सा आकर्षण भरा था इन शब्दों में, अन्तर में इच्छा जगी थी, भावनाएँ आन्दोलित हो उठीं थीं, लगा था, बस मिल गया, यही तो मार्ग है, जिसे मैं खोज रहा था, परन्तु, विधि की बिडम्बना, मार्ग मिला भी मार्ग दर्शक भी मिला, अनन्त आत्माएं भटकती रहती हैं इस धराधाम पर, जिसकी खोज में, वह साक्षात् मिला था, देखा था, जी भरकर इन नजरों ने, समाविष्ट हो गया था एक ही पल में वह पूरे अन्तर्मन में, लगा था, मन्जिल मिल गयी है आज, यह ठीक है, सत्य है, आत्मा अनुभूति करती है, कण, कण, में उसकी परिव्याप्ति का, सब कुछ लगने लगा है अपना ही, परन्तु, साकार प्रतिमा ही गायब है, नेत्र देख नहीं पा रहे हैं, विकल हैं, विह्वल हैं, कदम जो बढ़ गए थे, उसको देखते ही उसकी तरफ अनायास, बढ़े जा रहे हैं आज भी उसकी खोज में, अनन्त की ओर, जब देखा था मंजिल नजदीक नजर आती थी, लगता था, दौड़कर पा लूंगा, अपनी मंजिल को, परन्तु, अब कहाँ ढूँढू उसे, हर कण में सत्ता तो उसी की है, लेखनी उसी की, वाणी उसी की, फिर भी टीस तो है ही, अनमनापन भी है, समझ नहीं पाता, क्या करूँ मैं, फिर भी, चला जा रहा हूँ, बढ़ा जा रहा हूँ, जिधर वह लिए जा रहा है, उधर ही, एक अजीब सी सम्मोहिनी शक्ति खींचे जा रही है अपनी तरफ, देखें, कब मिलती है मेरी मंजिल, लगता है

नदी तो बही है, किनारा बदल गया है ।
मंजिल तो वही है, जमाना बदल गया है ।।

मन संकल्प करना चाहता है शायर के इन स्वरों में स्वर मिलाकर—

आओ, हम तुम करें, मिलके अहदे वफा,
जो न बदले, जमाने की रफ्तार से ।

सुबह बदला करे, शाम बदला करे,
हम न बदलें, जमाना बदलता रहे ।

सामने तुम मेरे आओ, तो इस तरह,
मुझको दीदार हो, तेरा परदा रहे ।

पास चिलमन के यूँ आप बैठे रहो,
नूर छन- छन- के बाहर निकलता रहे ।

नाम लब पे तेरा, याद दिल में तेरी,
शक्ल आँखों में हो, दम निकलता रहे ।

नाम तेरा रहे लब पे हरदम मेरे,
दिल को तस्कीन हो, चैन मिलता रहे ।

बस, अब तो यही कामना है, वो मिल जाय, तड़पती जिन्दगी को सुकून मिल जाय, एक चाह सी उठ गयी है, हृदय में जज्बात पैदा हो गए हैं, प्रार्थना करने की ललक सी पैदा हो गयी है, स्वर अनायास ही मुखरित हो रहे हैं—

मेरे दिल के मालिक, मुझे बस यही दे,
तुझे याद रखूँ, सब कुछ भूल जाउँ ।
मेरी आरजू बस यही एक, तुमसे,
तुझे याद रखूँ, सब कुछ भूल जाऊँ ।

मुझे तो यही दो—नहीं दुनियाँ चाहूं,
बस चरणों में तेरे पनाह चाहता हूँ ।
यही कामना है—यही—माँगना है,
तुझे याद रखूं, सब कुछ भूल जाऊँ ।

लोग समझते हैं, पागल हो गया हूं, आप ही निर्णायक हैं, निर्णय करें, आपने देखा है आज तक उस प्राणी को, जो अपना अनमोल खजाना लुटाकर भी पागल न हुआ हो, मैं क्या कहूँ, मैं तो दिल ही लुटा बैठा हूँ, अब बचा ही क्या है, जो है भी, उसी का है— ●

एक अभ्यासी

प्र०— हुजूर, इस दरे-दौलत पर तो लाखों गधे आते होंगे ।
उ०— हाँ भाई । आते हैं पर हम उन्हें इन्सान बनाकर घर वापस भेज देते हैं ।

❀ एक मीटिंग में हम थे । लोगों ने स्पीच दीं । एक साहब जिद पकड़ गए कि हम तो प्रेसीडेंट की ही स्पीच सुनेगे । हमने टापिक मजे का लिया–Universal dynamo of action and individual dynamo of action. बीस मिनट तक बोले होगे कि लोग भागना शुरू कर दिए ।

❀ १९४६ से बाबू जी शाहजहाँपुर के बाहर एक नगर में वकील साहब से परिचित हैं । बाबूजी वहाँ जब भी उनके घर जाते तो वकील साहब बहुत सवाल करते । बाबूजी ने एक बार कहा, वकील साहब, आपके दिमाग में इतने सवाल क्यों आते हैं ? वकील साहब की समझ में कुछ कारण न आया, वे चुप रहे । बाबूजी बोले, मैं बता सकता हूँ । वकील साहब ने कहा बताइये, बाबूजी ने उत्तर दिया—सवाल इसलिए ज्यादा हैं कि आप कुछ करते-धरते नहीं हैं, फिर बोले-मैं भी कुछ करता धरता नहीं हूं । देखिए चोर ने कैसे चोर को पकड़ा ।

✲ पूज्य बाबूजी महाराज ★

मैं ख्याल वांध कर कहूं कि यह हाथ है तो भी कहते कहते हाथ का ख्याल तो भूल ही जाता है और यह वात स्वाभाविक सी मालूम पड़ती है कभी कभी तबियत उचाट बहुत होती है। परन्तु पहले से कम है। हालत अक्सर बड़ी नीरस सी आती है। छोटे भाई बहिनों को प्यार।

आपकी दीनहीन सर्व साधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

पत्र संख्या २००

लखीमपुर
६-४-५३

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी
सादर प्रणाम

मेरा पत्र मिला होगा। कुछ ऐसा लगता है कि मुझे यह भी याद नहीं रहती कि मेरी बेहोशी की हालत रहती है और जैसे ही एकाध सेकेन्ड को याद आती है बस फिर गड़प सी जाती है। जब याद आती है तो ऐसा लगता है कि कहीं से आई हुं जैसे डूबा हुआ मनुष्य मालूम या मुर्दे में एक क्षण को कुछ चैतन्यता सी आती है परन्तु उस चैतन्यता को चैतन्यता कहना बेकार है। जैसे कोई गहरी नींद से जागकर ऊंघते में हाँ कर देता है उस सेकेन्ड बस ऐसी ही हालत हो जाती है। यदि १०-१५ मिनट उस हालत में लग जायें बस तबियत उचाट होने लगती है। न जाने क्या बात है किसी भी समय अपने आपे में नहीं रहतो हुं। मैं तो कहां दूर रहती हूं वहीं मुझे अच्छा लगता है और तबियत वहीं लगी रहती है। जो कुछ भी बोलती हूँ जो कुछ भी करती हूँ सब आपे से बाहर काम होता है। मालिक ने मुझे सही और गलत सोचने से भी छुटकारा दे दिया है। अब वह जाने और उसका काम। अब ऐसी हालत लगती है कि जहाँ से Soul आई है वहीं लय सी होने लगी है। वहाँ हालत में ऐसी रँगीनी लगती है जिसमे से रंगीलापन निकल गया है। हर समय तबियत बिल्कुल सरल Innocent बनी रहती है। पहले मैंने लिखा था हर चीज से रोशनी निकलती महसूस होती है लेकिन अब सूरत कुछ और हो गई है। अब तो सब में ऐसा अँधेरा लगता है कि जिसमें उजेला तो है ही नहीं परन्तु अँधेरा भी नहीं कहा जा सकता है। सब चीज में यहाँ तक कि सूर्य और चन्द्रमा में भी मुझे उजेला नही महसूस होता। प्रणाम करती हूँ तो यह सुधि नहीं रहती कि किसे प्रणाम कर रही हूँ। यह भी सुधि नहीं रहती कि किसे प्रणाम कर रही हूं या क्या कर रही हूं। छोटे भाई बहनो को प्यार।

आपकी दीनहीन सर्व साधन बिहीना
पुत्री कस्तुरी

पत्र संख्या २०१

शाहजहाँपुर
६-४-५२

प्रिय बेटी कस्तूरी
खुश रहो।

तुम्हारे खत मिल गए-पढ़ कर खुशी हुई। तुम्हें Sitting देने में बहुत दिन गाफिल रहा, मगर अब दिन में कई मर्तबा देखना पड़ता है। जितना ज्यादा तुमसे गाफिल रहा उतना ही ज्यादा ख्याल रखना पड़ता है। अब तो चाहे

# अनन्त यात्रा

इस स्थायी स्तम्भ के अन्तर्गत श्री 'बाबूजी' और सन्त कस्तूरी चतुर्वेदी के बीच पत्र-व्यवहार क्रमशः प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें अध्यात्म एवं ब्रह्म-विद्या सम्बन्धी साधना में अभ्यासी की प्रगति का एक सम्यक व्यवस्थित वास्तविक विवरण प्रस्तुत है। उक्त विद्या को वैज्ञानिक अध्ययन एवं अनुसंधान के लिये सुलभ करने की दृष्टि से इस विस्तृत पत्र-व्यवहार का यथातथ्य प्रकाशन महत्वपूर्ण होगा।

—सम्पादक)

क्रमागत—

(पत्र संख्या १९९)

लखीमपुर
२-४-५२

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम।

मेरा पत्र पहुंचा होगा। अब उत्सव आ रहा है लेकिन मैं देखती हूं कि मेरे लिये सदैव उत्सव ही उत्सव है। जहाँ चन्द्रमा है चांदनी भी वहीं है जहां सूरज है प्रकाश भी वहीं है इसलिए जहां मालिक है उत्सव भी वहीं है। अभ्यासी का तो बस मालिक ही उत्सव है उसे उसी से काम है। मालिक की कृपा से जो भी आत्मिक दशा समझ में आई सो लिख रही हूं।

आजकल तो आत्मा और परमात्मा के संयोग की सी दशा है। मुझे तो ऐसी दशा लगती है कि 'आली प्रभु के मिलन में अंग-२ अनुराग।' परन्तु अनुराग आदि मुझे मालूम नहीं पड़ता क्योंकि जब अपनी ही खबर नहीं तो फिर अनुराग को कौन पहचाने। पूज्य श्री बाबू जी मुझे ऐसा लगता है कि मेरा तो विछोह कभी हुआ ही नहीं। मुझे याद नहीं पड़ता कि मैं कभी उससे अलग हूं। इधर यह हाल है कि दिन रोते ही बीतता है। कभी कभी जोर से रोने की तबियत चाहती है, सिसकी बँध जाती है परन्तु कारण नहीं मालूम, मुझे बस उससे ही काम है। ऐसा लगता है अंग अंग में कुछ भर गया है रोम रोम में कुछ समा गया है परन्तु अनुभव में इतना ही आता है कि वह तमाम खुशी जो होती थी सो खत्म हो गई अब शरीर के भीतर बाहर रोम रोम में सिरहन तथा गुदगुदी मालूम पड़ती है रोने के बाद या ज्यों ज्यों रोती हूं यह दशा अधिक शुद्ध तथा स्वाभाविक रुप से मालूम पड़ती है। यदि कोई हाथ कहे तो हाथ स्वाभाविक तौर पर खुद उठ जाता है वर्ना मुझे यह अनुभव नहीं होता कि यह हाथ उठा है। यही नहीं यदि

कोई दिन छूट जावे नहो तो मुझे हर रोज Sitting देनी पड़ती है। कुछ मेरी तबियत यह भी चाहती है कि दो तीन Point (प्वाइन्ट) के बाद फिर ज्यादा तुम्हें न ठहराबें। खैर। यह अभी तय नहीं किया है, यह हालत देख कर तय किया जायगा। एक बात मैं तुम्हें और बता दूँ ताकि तुम्हें वाकफियत होती चले और यह मालूम होता चले कि जब तुम किसी को stages तय कराओ तो तुम्हें क्या करना चाहिये। मैं ना तजुर्बेकारी की वजह से कुछ गल्ती भी कर जाता हूं। बात यह है कि मुझमे जो कुछ भो ताकत गुरू महराज ने दी है उसका अन्दाजा नहीं हो पाता। मैंने जब तुम्हें 'B' Point पर खींचा और फिर वही तवज्जो दी तो ज्यादा दे गया। चुनाञ्चे 'B' Point की हालत में ज्यादा Concentrated force पैदा हो गया। अब इसको फैलाया जावे तब यह सैर हो। आज सुबह उटते बक्त यह ख्याल आया। सही तो हो ही जावेगा इसलिए कि लाला जी साहब सब कुछ कर सकते हैं। तुम्हारे भाई बहिनो को दुआ।

शुभ चिन्तक
रामचन्द्र

पत्र संख्या २०२

लखीमपुर
६-४-५२

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी
सादर प्रणाम

पत्र मिला। समाचार मालूम हुआ। मालिक की कृपा से जो कुछ भी आत्मिक दशा समझ में आई है लिख रही हूँ।

मुझे तो एसा लगता है सुषुप्ति अवस्था में मन हर समय सोया रहता है। और ऐसा लगता है कि तम में घुस कर खो गया है या यों कह लीजिये कि मैं सदैब अपने से बाहर न जाने कहाँ खोई सी रहती हूँ। परन्तु इस सुषुप्ति में चैतन्यता की रोशनी जरूर पड़ती है। जिससे सरीर निश्चेष्ट नही होने पाता है, नहीं तो यह शरीर कब का निश्चेष्ट हो गया होता। मैं तमावस्था में ही हर समय खोई रहती।

आप कहते है 'मै गाफिल रहा' किन्तु मेरा कहना है पग पग पर आपकी कृपा ने रोशनी दी और देगी इसमें सन्देह नहीं जिसके कारण जो कुछ भी थोड़ी सी आत्मिक दशा का आरम्भ है वह केवल आपकी महान कृपा का फल है। कहा जाता है कि 'आफताब' की किरणें पड़ने से रेते का जर्रा जर्रा सच्चे मोती की तरह मालूम पड़ने लगता है बस यही बात है। और कुछ नहीं परन्तु मेरी निगाह उस आफताब में गड़कर विलीन हो गई है इधर कुछ दिनों से मुझे महसूस होता था कि आपकी तबियत ठीक नहीं है। पत्र का बड़ी बेचैनी से इन्तजार था अब पत्र आने पर सन्तोष हो गया। छोटे भाई बहिनों को प्यार।

आपकी दीनहीन सर्वसाधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

## शत-शत प्रणाम

द्वारा श्री तुलसीदास चतुर्वेदी

घिर-रही सजल थी घोर रजनि,
हाँ जग था केवल तमस-पुंज ।
तुम उतरे लेकर विधु-दीपक,
अरु मानवता का विमल-कुन्ज ॥

फिर आलोकित हो उठी मही,
नभ के तारक हो गये सजग ।
वह दिशि कंचन हो गयी जिधर,
बढ़ गये तिहारे चरण-सुभग ॥

निजश्वास और प्रतिश्वासों में,
मानव का हाहाकार लिये ।
इच्छा का कारागार लिये,
बेसुधि का पारावार लिये ॥
आओ बैठो, अंतर में भर दो, ज्योति और आशा ललाम ।
कैसे स्वागत मैं करूँ देव, तुम को प्रणाम, शत-शत प्रणाम ॥

आओ नव-नव अनुराग लिये,
अरु युग-परिवर्तन का सपना ।
कैसे संभव जग-सैकत पर,
तव चरण-चिन्ह का है मिटना ॥

हाँ क्षितिज-पटी पर हीरक से,
अब जड़ जायेगी अमर कहानी ।
आज हिमालय तक गूँजेगी,
"बाबू" तेरी कोमल बानी ॥

निःश्वास अमर में है तेरी,
उस महा-शक्ति की चरम विजय ।
हुँकार [?] अनोखा कर देगा,
जगती में नीरव महाप्रलय ॥
मस्तक पर अंकित दिव्य-किरण, 'हिमकर' तव शोभा है ललाम ।
कैसे स्वागत मैं करूँ देव, तुम को प्रणाम, शत-शत प्रणाम ॥